
उज्जैन
गुरुवार
29
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-355
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

आज करवा चौथ





तमन्ना ने अन्नू कपूर के कमेंट पर तोड़ी चुप्पी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अन्नू कपूर के 'दूधिया बदन' वाले कमेंट पर पहली बार रिएक्शन दिया। उन्होंने कहा कि वह ऐसी बातों के बजाय अपने काम पर ध्यान देती हैं। एनडीटीवी के एक इवेंट में तमन्ना से उनके रंग और बॉडी पर हुई टिप्पणियों के बारे में पूछा गया। एक्ट्रेस से यह भी पूछा गया कि क्या वह चाहती हैं कि दर्शक उन्हें सिर्फ स्क्रीन प्रेजेंस और बोल्ड इमेज से अलग देखें। उनसे हालिया फिल्मों को इमेज बदलने की कोशिश के तौर पर भी सवाल किया गया। तमन्ना ने कहा कि एक क्रिएटिव व्यक्ति के लिए सुनना जरूरी है। इसके साथ यह समझना भी जरूरी है कि किस बात को रखना है और किसे नजरअंदाज करना है। तमन्ना ने कहा, आप भी एक महिला हैं, इसलिए समझ सकती हैं कि अगर हम ऐसी बातों को महत्व देने लगें, तो शायद जिंदगी में आगे बढ़ पाएंगे। उन्होंने आगे कहा, मैं इन चीजों पर ध्यान ही नहीं देती। मैं अपने काम पर ध्यान देती हूं। मैं उस चीज पर ध्यान देती हूं, जिसे बनाना चाहती हूं। मैं अपने एक्टिंग करियर पर ध्यान देती हूं।

देश

- **जबलपुर** हाई कोर्ट बार एसोसिएशन में सत्ता हस्तांतरण, नवनिर्वाचित अध्यक्ष शशांक शेखर ने संभाला पदभार
- **दिल्ली** की हवा पर राहत के दावे की खुली पोल, आम दिनों में 14.1% बढ़ा प्रदूषण
- **रेलवे की योजना:** स्टेशन जाने की झंझट खत्म, घर के दरवाजे तक डिलीवरी, बदलेगा पार्सल भेजने का तरीका
- **एमएलसी** चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ एक सीट, मोदी का तंज- वोटिंग बैलट से हुई, तो भी कितनी सीटें मिलीं, 4 राज्यों की 16 सीटें एनडीए जीती
- **सुप्रीम कोर्ट** ने डिजिटल अरेस्ट डकैती जैसा बताया, कहा- ऐसे बेरहम अपराधियों से बेहद सख्ती से निपटना चाहिए

विदेश

- **स्पेन** में हाई स्पीड ट्रेनें टकराईं, 68 की मौत, कई डिब्बे मलबे में बदले, इन ट्रेनों की एवरेज स्पीड 200 किमीप्रतिघंटे से ज्यादा
- **कैप्टन** मच्छर के सिर पर टांकों के कई निशान दिखे, हमलावर पायलट ने कुल्हाड़ी से कई वार किए थे, यूएई के सर्वोच्च सम्मानों में से एक मिला
- **ब्राजील** में राष्ट्रपति चुनाव हारने वाले बोल्सोनारो भागकर अमेरिका पहुंचे: पत्नी और दो बेटियां भी साथ, सरकार ने पासपोर्ट रद्द किया

व्यापार

- **केंद्रीय** कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3% बढ़ा, जुलाई से लागू, सबसे निचले कर्मचारी को 540 और कैबिनेट सचिव लेवल के अफसर को 7500 महीने का फायदा
- **होम लोन** की ईएमआई में हर महीने 5000 रुपये बढ़ाएं

कार्टून..



आरएसएस में पहली बार राज्य इकाईयां बनेंगी, 11 क्षेत्र घटकर 9 होंगे

46 प्रांतों से 90 संभाग बनेंगे, संगठन का ढांचा बदलेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने संगठनात्मक ढांचे में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा है। प्रस्तावित बदलावों में क्षेत्र घटाना और नए संभाग बनाना शामिल है। सूत्रों के मुताबिक, आरएसएस के 11 क्षेत्र घटाकर 9 किए जाएंगे। मौजूदा 46 प्रांतों की जगह करीब 90 संभाग बनाए जाएंगे।

आरएसएस पहली बार राज्य स्तर पर संगठनात्मक इकाइयां बनाएगा। इनमें केवल राज्य प्रचारक और राज्य कार्यवाह होंगे। इस व्यवस्था में राज्य संघचालक का पद नहीं होगा। आरएसएस की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की वार्षिक बैठक 2 से 4 नवंबर तक मध्यप्रदेश के इंदौर में होगी। तीन दिन की बैठक में संगठन के पुनर्गठन, शताब्दी वर्ष की गतिविधियों और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी।

इंदौर में अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक- आरएसएस की तीन दिवसीय अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक मध्यप्रदेश के इंदौर में 2 से 4 नवंबर तक होगी। इसमें शताब्दी वर्ष की गतिविधियों की समीक्षा भी की जाएगी। बैठक में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले और सभी छह सह-सरकार्यवाह शामिल होंगे।

संगठन में विकेंद्रीकरण की तैयारी

प्रस्तावित बदलावों का मकसद संघ के कामकाज को विकेंद्रीकृत करना है। इसके तहत जिम्मेदारियां ज्यादा प्रभावी ढंग से बांटी जाएंगी और अलग-अलग स्तरों पर तालमेल बेहतर किया जाएगा। अधिक संख्या में संभाग बनने से संगठनात्मक गतिविधियों का प्रबंधन आसान होने की उम्मीद है। इससे अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यक्रमों को लागू करने में भी मदद मिलेगी। आरएसएस के मौजूदा संगठनात्मक ढांचे में अलग से राज्य स्तर की इकाई नहीं थी। नई व्यवस्था में राज्य स्तर पर केवल राज्य प्रचारक और राज्य कार्यवाह होंगे।

बैठकों की अवधि और जगह में बदलाव

संघ की सबसे बड़ी निर्णय लेने वाली संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक अब हर साल नहीं होगी। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत यह बैठक हर तीन साल में नागपुर में आयोजित की जाएगी। क्षेत्रीय स्तर की बैठकें हर दो साल में होंगी। इन बदलावों का उद्देश्य क्षेत्रों, संभागों और राज्य स्तर की इकाइयों के बीच तालमेल मजबूत करना है। बदलाव लागू होने के बाद फर के प्रशासनिक और संगठनात्मक ढांचे में बड़ा पुनर्गठन होगा।

एयरपोर्ट पर पैसेंजर के जूतों से 13.44 लाख का गांजा बरामद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे

पुणे एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने बैंकॉक से आए एक भारतीय यात्री के जूतों की तलाशी के दौरान 381.27 ग्राम गांजा पावडर बरामद किया। इसे जूतों के तलवों में खास तरीके से छिपाया गया था। पुणे कस्टम्स की एयर इंटेलिजेंस यूनिट ने 27 अक्टूबर की शाम एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान से पहुंचे यात्री को खुफिया जानकारी के आधार पर रोका। अधिकारियों को उसके स्पोर्ट्स जूते सामान्य से ज्यादा भारी लगे। दोनों जूतों के सोल काटने पर उनमें खास तौर पर बनाई गई खाली जगहें मिलीं। इन जगहों में काले कपड़े में लिपटे और लाल टेप से बांधे गए पैकेट छिपाए गए थे। जब्त गांजे की कीमत 13.44 लाख रुपए आंकी गई है।



करवा चौथ पर पत्नी के लिए गिफ्ट खरीदने वाले सावधान

इन गलतियों से बचकर, वरना खाली हो सकता है बैंक खाता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आज करवा चौथ पर पत्नी के लिए गिफ्ट खरीदते समय फर्जी वेबसाइट, नकली डिस्काउंट और संदिग्ध पेमेंट लिंक से सावधान रहें। जल्दबाजी में की गई एक छोटी-सी गलती आपकी बैंकिंग जानकारी साइबर ठगों तक पहुंचा सकती है और आप अपनी मेहनत की कमाई को गंवा सकते हैं।

करवा चौथ पति-पत्नी के रिश्ते में प्यार और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। इस दिन अधिकतर पति अपनी पत्नी के लिए साड़ी, गहने, स्मार्टफोन, कॉस्मेटिक्स या कोई खास गिफ्ट खरीदते हैं। त्योहार के दौरान ऑनलाइन शॉपिंग की सुविधा से घर बैठे सामान मंगाना आसान हो गया है। ऐसे में ज्यादातर लोग अपनी पत्नियों के लिए ऑनलाइन शॉपिंग कर लेते हैं, लेकिन इसी मौके पर साइबर ठग भी आकर्षक ऑफर, फर्जी वेबसाइट और नकली पेमेंट लिंक के जरिए लोगों को निशाना बना सकते हैं।

ऐसे में पत्नी के लिए गिफ्ट खरीदते समय केवल कीमत और डिजाइन पर ध्यान देना काफी नहीं है। बल्कि, कुछ और बातों का ध्यान रखना जरूरी है। वरना आपका बैंक खाता खाली हो सकता है। तो चलिए जानते हैं ऐसी चार गलतियों के बारे में, जिनसे बचकर आप अपनी मेहनत की कमाई सुरक्षित रख सकते हैं और पत्नी के लिए इस करवा चौथ गिफ्ट भी खरीद सकते हैं।



अनजान एप या वेबसाइट से गिफ्ट खरीदने की गलती न करें

- त्योहार के समय सोशल मीडिया पर कई आकर्षक विज्ञापन दिखाई देते हैं
- कुछ विज्ञापनों में महंगे गहने, स्मार्टवॉच या ब्रांडेड सामान बेहद कम कीमत पर देने का दावा किया जाता है
- हर सस्ता ऑफर धोखाधड़ी नहीं होता, लेकिन अनजान वेबसाइट पर आंख बंद करके भरोसा करना जोखिम भरा हो सकता है
- इसलिए ऑनलाइन शॉपिंग से पहले एप-वेबसाइट असली है या फेक है ये जरूर चेक करें

फर्जी डिस्काउंट और ऑफर के लालच में आना

साइबर ठग कई बार सीमित समय का ऑफर बताकर तुरंत पेमेंट करने दबाव बनाते हैं, मैसेज भेजकर दावा कर सकते हैं कि कुछ ही मिनटों में भारी छूट खत्म हो जाएगी, ऐसे दबाव में आकर बिना चेक किए पेमेंट कभी न करें, ऑफर सही है या नहीं, ये हमेशा संबंधित कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट या एप पर चेक करें।

चक्रवात अर्नब से आंध्र-ओडिशा में 5 मौतें

मध्यप्रदेश-राजस्थान सहित 15 राज्यों में बारिश, ठंड बढ़ेगी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान अर्नब के कारण आंध्र प्रदेश और ओडिशा में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। चक्रवात का असर दूसरे राज्यों में भी देखने को मिल रहा है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश सहित 15 राज्यों में कल रात से बारिश का दौर शुरू हो गया है। यह अगले दो दिनों तक जारी रहने का अनुमान है।

मध्य प्रदेश के सतना, कटनी और छतरपुर समेत कई जिलों में बुधवार को बारिश हुई। राजस्थान के भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ इलाकों में भी बारिश हुई। मौसम में बदलाव के कारण जयपुर, पिलानी, सीकर, बाड़मेर और चूरू समेत लगभग सभी शहरों के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की गई। सीकर में रात का तापमान 10.5 डिग्री तक पहुंच गया।

वहीं, चक्रवात के असर को देखते हुए छत्तीसगढ़ के 12 जिलों में गुरुवार को स्कूल बंद रखने के आदेश हैं। ओडिशा में भी 16 जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। राज्य में करीब 30 हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। चक्रवात अर्नब मंगलवार देर रात करीब 3:30 बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया था। इस दौरान 125 से 135 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई।

1 लाख का इनामी एनकाउंटर में ढेर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने एक लाख के इनामी धर्मेंद्र उर्फ टिड्डी को एनकाउंटर में मार गिराया। मुठभेड़ बुधवार शाम साढ़े 6 निवाड़ी क्षेत्र में गंग नहर पटरी पर हुई। दोनों ओर से 20 राउंड गोलियां चलीं। इसमें दो गोलियां धर्मेंद्र को सीने और गर्दन में लगीं।

धर्मेंद्र उर्फ टिंडी उर्फ टिड्डी बावरिया गिरोह का सदस्य था। वह गाजियाबाद के लोनी का रहने वाला था। धर्मेंद्र गाजियाबाद और बागपत में डकैती की वारदात करता था। पिछले एक साल से गाजियाबाद और बागपत पुलिस उसे तलाश रही थी। मुठभेड़ में तीन पुलिसकर्मी विनीत, अमित और हिमांशु गोली लगने से घायल हुए हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड ने बताया- मुखबिर से धर्मेंद्र के बारे में सूचना मिली थी। एडिशनल डीसीपी क्राइम पीयूष सिंह के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच की टीम को गंग नहर पटरी पर लगाया गया था। इसी दौरान धर्मेंद्र अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से आता दिखा।

अमेजन में छंटनी: सुबह-सुबह भेजा ईमेल, 250 लोगों की नौकरी गई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेजन अपने डिवाइस और सर्विसेज यूनिट में करीब 250 पदों पर कटौती कर रही है। रॉयटर्स के मुताबिक, इसका असर मुख्य रूप से सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट टीमों पर पड़ा है। कर्मचारियों को बुधवार सुबह ईमेल और मैसेज के जरिए सूचना दी गई। कंपनी ने कहा कि छंटनी का उद्देश्य कामकाज को अधिक प्रभावी बनाना है।

अमेजन ने इस महीने दूसरी बार छंटनी का एलान किया है। कंपनी अपने डिवाइस और सर्विसेज यूनिट में 250 तक कर्मचारियों की नौकरी खत्म कर रही है। इससे पहले इसी महीने कंपनी के मुख्य रिटेल कारोबार में करीब 1,000 पदों पर कटौती की गई थी। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यह कदम कंपनी की ओर से किंडल ई-रीडर और टैबलेट जैसे नए उत्पाद पेश किए जाने के कुछ सप्ताह बाद उठाया गया है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस छंटनी से मुख्य रूप से सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट टीमों के कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। कंपनी ने कहा है कि यह फैसला कामकाज को अधिक प्रभावी बनाने और उत्पादों की योजनाओं के अनुरूप संगठन को तैयार करने के लिए लिया गया है।

कर्मचारियों को बुधवार सुबह ईमेल और टेक्स्ट मैसेज के जरिए इसकी जानकारी दी गई। डिवाइस और सर्विसेज यूनिट में मानव संसाधन की उपाध्यक्ष चेरी रॉबिन्सन की ओर से भेजे गए ईमेल में कहा गया कि कंपनी ने अपने संगठनात्मक ढांचे की विस्तृत समीक्षा की, जिसके बाद कुछ पदों को खत्म करने का फैसला लिया गया।

गोवा के वास्को बाजार में आग, 150 से ज्यादा दुकानें जलीं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वास्को

गोवा के वास्को शहर के एक बाजार में बुधवार देर रात भीषण आग लग गई। आग में 150 से ज्यादा दुकानें और उनमें रखा सामान जल गया। हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने घटनास्थल पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुकानदारों ने दिवाली के लिए जरूरी सामान का स्टॉक रखा था, ऐसे में उन्हें भारी नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। अधिकारियों के मुताबिक, आग पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मियों को चार घंटे से ज्यादा समय तक मशक्कत करनी पड़ी।

543 दवाओं के दाम घटे, नई कीमतें 9 नवंबर से लागू होंगी

कैंसर का 80 हजार का इंजेक्शन अब 7 हजार रुपये में मिलेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में कैंसर की 543 दवा ब्रांडों और पैक की कीमतों में बदलाव किया गया है। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण के फैसले के बाद 397 यानी 73% दवाओं के दाम घटाए गए हैं।

इनमें 217 दवाओं की कीमत आधे से भी कम हो गई है। वहीं, 97 ब्रांड की दवाओं की कीमतों में 70% से ज्यादा और 50 में 80% से ज्यादा कटौती हुई है। 5 की कीमतों में 90% से ज्यादा कटौती हुई है।

सबसे बड़ी कटौती सैमटेपा इंजेक्शन में हुई है। इसकी कीमत 80,071 से घटाकर 7,150 कर दी गई है। पैलबोप्रो दवा के 21 कैप्सूल वाले पैक की कीमत 40,421 से घटकर 2,720 हो गई है।

हालांकि, 146 ब्रांड-पैक की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकार ने 137 कैंसर-रोधी दवाओं के ट्रेड मार्जिन को अधिकतम खुदरा मूल्य के 30% तक सीमित किया था। इसके बाद कंपनियों ने नई कीमतें जारी की हैं। नई कीमतें 9 नवंबर से लागू होंगी। दवाओं पर मुनाफे की सीमा ऐसी होनी चाहिए कि मरीजों को महंगी दवाएं न खरीदनी पड़े और कंपनियां उनकी सप्लाई भी बंद न करें। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट में 13 हजार के इंजेक्शन को 1 लाख से ज्यादा में बेचने का मामला उठा था।

सरकार की ट्रेड मार्जिन रैशनलाइजेशन नीति में गंभीर खामियां

दवाओं की कीमत में इस कटौती से साफ है कि जेनेरिक दवा कंपनियां मरीजों से भारी मार्जिन वसूल रही थीं। लेकिन सरकार की ट्रेड मार्जिन रैशनलाइजेशन (टीएमआर) नीति में गंभीर खामियां और विरोधाभास हैं।

पेटेंट वाले के दाम क्यों नहीं घटे: टीएमआर फॉमूर्ले में प्राइस टू स्टॉकिस्ट पर 42.8% तक मार्जिन की छूट है। दवाएं बेहद महंगी होने के कारण यह मार्जिन रकम के लिहाज से बहुत बड़ा हो जाता है। कैंसर दवाओं की सप्लाई चेन में एक-दो बिचौलिये होते हैं या दवाएं सीधे अस्पतालों को बेची जाती हैं। ऐसे में चंद लोगों को भारी मुनाफा मिल सकता है। पेटेंट दवाओं पर टीएमआर का असर न पड़ने की यह भी एक वजह हो सकती है।

मरीजों को राहत देने का मौका गंवाया: मरीज सहायता कार्यक्रमों के तहत मुफ्त दी जाने वाली दवाओं को टीएमआर की गणना से बाहर रखा गया है। इन्हें शामिल करने पर पेटेंट दवाओं की कीमतों में कुछ कमी आ सकती थी।



महाकाल श्रृंगार



रजत मुकुट-गुलाब के फूलों से श्रृंगार, भांग-चंदन और त्रिपुण्ड अर्पित किया

अपनेतक

अधिकारियों की भूमिका की जांच कौन करेगा...

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच उज्जैन में मेला क्षेत्र के अवैध निमार्णों को हटाने की कार्रवाई जारी है। इस बीच एक भाजपा पार्षद ने कार्रवाई के साथ संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच करने की मांग उठाई है। उन्होंने महापौर, नगर निगम आयुक्त, संभागायुक्त और उज्जैन उत्तर विधायक को पत्रलिखकर कहा कि किसी भी निर्माण को पूरा होने में समय लगता है। ऐसे में ये जांच जरूरी है कि निर्माण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों ने उन्हें रोकने के लिए क्या कदम उठाए थे।

पार्षद सवाल उठाया कि यदि मेला क्षेत्र में निर्माण नियमों के विरुद्ध हो रहे थे तो शुरूआती स्तर पर ही कार्रवाई क्यों नहीं की गई। उन्होंने मांग की कि जिस अवधि में ये निर्माण हुए उस दौरान संबंधित पदों पर तैनात अधिकारियों की पहचान कर उनकी भूमिका की जांच की जाए। पार्षद का कहना है कि अवैध निमार्णों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जरूरी है लेकिन इसके साथ निगरानी व्यवस्था और कथित लापरवाही की भी पड़ताल होनी चाहिए।

पार्षद ने अपने पत्र में नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 292 का उल्लेख किया है। उन्होंने संबंधित प्रावधानों के पालन की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। उनका कहना है कि मेला क्षेत्र में निमार्णों पर कार्रवाई करते समय केवल मौजूदा स्थिति नहीं बल्कि निर्माण की पूरी प्रक्रिया और उस दौरान प्रशासनिक स्तर पर निभाई गई जिम्मेदारियों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने तथ्यों के आधार पर जवाबदेही तय करने पर जोर दिया है।

भाजपा पार्षद ने मंदिरों,आश्रमों और धर्मशालाओं से जुड़े मामलों में भी उचित समाधान तलाशने की बात कही है। उनका कहना है कि कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन धार्मिक और सामाजिक महत्व वाले परिसरों के मामलों में नियमों के दायरे में रहते हुए सम्मानजनक रास्ते पर भी विचार किया जाना चाहिए। सिंहस्थ 2028 जैसे बड़े धार्मिक आयोजन को देखते हुए मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करना प्रशासन के सामने महत्वपूर्ण चुनौती है। पार्षद ने सिंहस्थ क्षेत्र में कथित अवैध कॉलोनियां काटने और जमीन बेचने वालों की भूमिका की जांच की मांग भी की है। उन्होंने कहा कि यदि लोगों को जमीन बेचकर वहां निर्माण के लिए प्रेरित किया गया है, तो संबंधित जमीन विक्रेताओं की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण करने वालों के साथ जमीन बेचने वालों और निर्माण रोकने में कथित लापरवाही से जुड़े अधिकारियों की भूमिका की जांच पर जोर दिया है। अब देखना होगा कि संबंधित अधिकारी इस पत्र में उठाए गए मुद्दों पर क्या कार्रवाई करते हैं।

खेल हस्तियों की मौजूदगी में डॉ. राकेश चावरे की पुस्तक का विमोचन

उज्जैन। डॉ. राकेश चावरे द्वारा लिखित पुस्तक राज्य स्तरीय क्रिकेट खिलाड़ियों के प्रदर्शन के साथ शारीरिक और मानवमितीय संबंधों का अध्ययन का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में शहर के खेल जगत से जुड़े कई गणमान्य नागरिक और पदाधिकारी मौजूद रहे। विमोचन समारोह में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के सदस्य और मध्य प्रदेश रग्बी संघ के अध्यक्ष राजेश कुशवाह मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मल्लखंब के द्रोणाचार्य अवार्डी योगेश मालवीय, जिम्नास्टिक के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक आरएल वर्मा, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक व राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शैलेंद्र व्यास और टेबल टेनिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेश शर्मा उपस्थित थे।

व्रत, दीपदान व विष्णु, आराधना का मासः कार्तिक

कार्तिक मास मे पौ फटने के पूर्व पावन नदी या जलाशय मे खुले आकाश तले स्नान करने का विशेष महत्व

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन (पं राहुल शुक्ल)

कार्तिक मास का विशेष धार्मिक महत्व है। इस पूरे मास भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की आराधना की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि इस समय माता लक्ष्मी पृथ्वी पर विचरण करती हैं और जिस घर मे भी दीपक की रोशनी ,बंदनवार और रंगोली द्वार पर होती है लक्ष्मी उस घर मे वास करती हैं। इस पूरे मास धमार्लु महिलाएं शाम के समय तुलसी क्यारे मे दीपक लगाती हैं और नदी या जलाशय मे दीपदान करती हैं। कार्तिक मास मे पौ फटने के पूर्व जब आकाश मे तारे टिमटिमाते हैं उस समय पावन नदी या जलाशय मे खुले आकाश तले स्नान करने का विशेष महत्व है। शिप्रानदी पर इस प्रयोजन से तडके से ही महिलाओं का तांता विभिन्न घाटों पर नजर आता है। इस मास को ही दामोदर मास भी कहते हैं क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण को ये मास काफी पसंद है। इस पूरे माह देव दर्शन व दान का विशेष महत्व धर्मग्रंथों मे बताया गया है।



बाबा महाकाल की पावन नगरी मे विष्णुजी के विभिन्न नौ रूप अलग अलग मंदिरों मे विराजित हैं । ये संख्या मे पूरे नौ हैं इसलिए इन्हें नौ नारायण कहते हैं। धर्मनिष्ठ महिलाएं व दंपत्ति इन नौ नारायण के दर्शन करते हैं और मोक्ष की कामना करते हैं।

उज्जैन के नौ नारायण

नौ नारायणों के दर्शन करने से नौ ग्रहों की शांति हो जाती है। इनकी पंचोपचार पूजा करना चाहिए। पूजा या यात्रा के साथ दान का भी महत्व शास्त्रों में बताया गया है। नौ नारायण भगवान विष्णु के विभिन्न स्वरूप हैं। ये नौ स्वरूप उज्जैन में ही विराजित है।

1 लीला पुरुषोत्तम नारायण मंदिर

पुरुषोत्तमनारायण मंदिर हरसिद्धि मंदिर के समीप स्थित है। करीब 200 वर्ष पुराने मंदिर में पुरुषोत्तममास के समय भारी भीड़ उमड़ती है। यहां दर्शन व पूजा करने से हर प्रकार की मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

2 अनंतनारायण मंदिर

अनंतपेठ स्थित अनंतनारायण मंदिर 300 वर्ष से अधिक पुराना है। यहां अधिक मास के अलावा हरियाली अमावस्या तथा अनंत चतुर्दशी पर पूजा-पाठ का विशेष महत्व है। इनके दर्शन व पूजा करने से अनंत सुख मिलता है। ये दानीगेट पर स्थित है।

3 सत्यनारायण मंदिर

सत्यनारायण मंदिर ढाबा रोड पर है। लगभग 200 साल पुराने इस मंदिर में प्रतिदिन ही श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। सत्यनारायण के दर्शन करने या यहां कथा श्रवण करने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।

4 चतुर्भुजनारायण मंदिर

चतुर्भुजनारायण मंदिर भी ढाबा रोड पर ही है। इस प्राचीन मंदिर की मूर्ति मे नारायण के चार हाथ हैं। इनके दर्शन करने से चारों तरफ प्रसिद्धि मिलती है।

5 आदिनारायण मंदिर

सेंट्रल कोतवाली के समक्ष स्थित आदिनारायण मंदिर में दर्शन या पूजा करने से समस्त दुःखों का नाश होता है। मंदिर काफी पुराना है।

6 शेषनारायण मंदिर

क्षीरसागर परिक्षेत्र में ही शेषनारायण मंदिर है । लगभग पांच सौ वर्ष पुराने इस मंदिर में भगवान विष्णु शेषनाग पर विश्राम कर रहे हैं। सामने बैठी माता लक्ष्मी उनके चरण दबा रही है। यहां अद्भुत स्वरूप के दर्शन होते हैं।

7 पद्मनारायण मंदिर

पद्मनारायण मंदिर भी क्षीरसागर पर ही है। इस प्राचीन मंदिर में भगवान विष्णु का स्वरूप निराला है। यहां यात्रा व दर्शन

करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है।

8 लक्ष्मीनारायण मंदिर

गुदरी चौराहा पर है लक्ष्मीनारायण मंदिर। यहां नियमित दर्शन या आराधना करने वाले व्यक्ति को किसी बात की कमी नहीं रहती है। मूर्ति चमत्कारी है।

9 बद्रीनारायण मंदिर

बक्षी बाजार में बद्रीनारायण मंदिर है। यह मंदिर भी काफी पुराना है। नौ नारायण की यात्रा करने वाले यात्री यहां पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद ग्रहण करते हैं। अधिक मास या पुरूषोत्तम मास मे इन मंदिरों के दर्शन विशेष फलदायी माने गए हैं।

स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर गूंजा 'कला घोष', संजा नृत्य और शिव स्तुति ने मोहा मन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर स्वर्ण जयंती सभागार में 'कला घोष' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में संगीत, शास्त्रीय नृत्य और लोक कलाओं के अनूठे संगम ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुमधुर संगीत प्रस्तुतियों और भारत रंग यात्रा के साथ हुआ। इसके बाद कलाकारों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले भरतनाट्यम और ऊजार्वान बिहू नृत्य से समां बांध दिया। भगवान शिव को समर्पित भव्य शिव स्तुति की प्रस्तुति ने समूचे सभागार को दिव्य वातावरण से भर दिया।

सांस्कृतिक संध्या में डॉ. पलक पटवर्धन के निर्देशन में मालवा का प्रसिद्ध लोकनृत्य 'संजा' प्रस्तुत किया गया, जिसने स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत को खूबसूरती से प्रदर्शित किया। वहीं, डॉ. सतीश दवे के निर्देशन में सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और इतिहास पर आधारित नाटक का प्रभावशाली मंचन किया गया, जिसकी दर्शकों ने भरपूर सराहना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित कार्यपरिषद सदस्य राजेश कुशवाहा ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और यह हमारी समृद्ध परंपराओं को जीवंत रखते हैं। कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय कला, साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है।

संगिनी ग्रुप ने 55 जरूरतमंद परिवारों को बांटी दीपावली की खुशियां

दिव्यांगों और अकेले रह रहे बुजुर्गों को 17 प्रकार की सामग्री से सजी शगुन की टोकरी भेंट की



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दीपावली की खुशियां हर घर तक पहुंचे और कोई भी परिवार त्योहार पर खुद को अकेला महसूस न करे, इसी उद्देश्य से संगिनी ग्रुप ने 55 दिव्यांग, जरूरतमंद एवं कोरोना के बाद अकेले रह गए बुजुर्ग परिवारों को शगुन की टोकरी भेंट की। ग्रुप की अध्यक्ष ममता सांगते की पहल तथा संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. सतिंदर कौर सलूजा के प्रयासों से यह सेवा कार्य किया गया।

दीपावली के अवसर पर परिवारों को दी गई टोकरी में मिठाई, नमकीन, तेल, साड़ी, बंधनवार, धानी, खील-बताशे, झाड़ू, दीपक, बाती सहित 17 प्रकार की सामग्री रखी गई। संगिनी ग्रुप का उद्देश्य इन परिवारों के घरों में भी दीपावली पर दीप जलाना और उनके जीवन में खुशियों का उजाला फैलाना है। यह पहल जरूरतमंदों को सहयोग देने के साथ उनमें अपनत्व और सामाजिक जुड़ाव का भाव भी मजबूत करती है।

इस सेवा कार्य में डॉ. सतिंदर कौर सलूजा, जीपी रविंद्र सिंह कुशवाहा, देवेंद्र देवधरे, चंद्रप्रभा कुशवाहा, पूर्णिमा गौड़, मनोरमा देशमुख, साशा जैन, प्रीति मुथा, नीता खोलकुटे, अजीत खोलकुटे, बीना शर्मा, सुधा जैन, सीमा गर्ग, उषा तारे, किरण कुशवाहा, पुष्पा देवी, शशिकला परिहार, नीलम व्यास, सपना व्यास एवं श्रीमती अनवर जहां ऐलची का सहयोग रहा। इस अवसर पर संगिनी ग्रुप की सदस्य रश्मि गहलोत, प्रियंका यादव, भगवती महावर, समीक्षा व्यास, टीना राठौड़ और सौरभ गोजर उपस्थित रहे।

200 से अधिक विद्यार्थियों का दंत परीक्षण कर दिया मुख स्वच्छता का संदेश

इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने लगाया शिविर, डॉक्टरों ने दांतों की देखभाल के बताए तरीके उज्जैन। नागझिरी स्थित न्यू प्रगति स्कूल में इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन द्वारा दंत परीक्षण एवं मुख स्वच्छता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 200 से अधिक विद्यार्थियों के दांतों की जांच कर उन्हें उचित देखभाल की आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों को सही तरीके से ब्रश करने और मुख स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में शुरू से ही दंत स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करना था। शिविर में एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. निहित सिंह राणा के नेतृत्व में डॉ. प्रद्युम्न मलिक, डॉ. सागर मारोठिया, डॉ. जतिन चावड़ा और डॉ. शुभम करोड़े ने विद्यार्थियों का परीक्षण कर अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

मत्स्येंद्रनाथ समाधि पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की पूजा अर्चना

65 वर्षों से आयोजित हो रहे शरदोत्सव में 651 लीटर खीर की बंटी महाप्रसादी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

योगिराज पीर मत्स्येंद्रनाथ की समाधि पर समिति द्वारा 65 वर्षों से आयोजित किए जा रहे शरदोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाधि स्थल पहुंचकर पूजन अर्चन किया। समिति अध्यक्ष डॉ. प्रकाश रघुवंशी एवं सभी सदस्यों के विशेष आमंत्रण पर वे यहां पहुंचे थे।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, यूडीए अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी, नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, क्षेत्रीय पार्षद हेमंत भूरू गेहलोत, पार्षद सुशील श्रीवास, रितेश जटिया और शानू मेहता उपस्थित थे। समिति अध्यक्ष डॉ. प्रकाश रघुवंशी ने शॉल श्रीफल भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके अलावा अभिभाषक विजय पटेल, किशोर भाटी, राधेश्याम गेहलोत, मोहन राठौर, पारस गेहलोत, पंकज जादम, प्रेम गेहलोत, मनोहर गेहलोत, सत्यनारायण कछावा, मंगल कछावा, नितिन गेहलोत और रवि भाटी ने पुष्प माला पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बाल योगी उमेशनाथ ने समाधि पर चादर भेंटकर स्थान की महत्ता पर प्रकाश डाला। उनका स्वागत पूर्व निगम सभापति सोनू गेहलोत और पार्षद सपना जितेंद्र सांखला ने किया। इसके पूर्व संयोजक रामप्रसाद पहलवान, अज्जू पटेल, मोहन राठौर, नामदेव समाज अध्यक्ष कृष्ण गोपाल नामदेव, अभिषेक देवड़ा, अमन गेहलोत, प्रदीप भाटी और सावन गेहलोत के नेतृत्व में भव्य चल समारोह निकाला गया।

सीएम डॉ. मोहन यादव का 51 किलो की माला से स्वागत

उज्जैन। महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के महानगर अध्यक्ष जितेंद्र भाटी के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री को 51 किलो वजनी माला पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में अजा मोर्चा और वाल्मीकि समाज के कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनमें समाजसेवी सुनील सारवन, वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष हेमराज घावरी, जिलाध्यक्ष रवि सिहोते, महाकाल दर्शन प्रभारी राजकुमार पटेल, रविदास समाज के समाजसेवी कमलकांत रिजोरिया, अजा मोर्चा नगर मंत्री दुर्गेश मालवीय और सरार्फा मंडल अध्यक्ष मनोज मालवीय प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

प्रस्फुटन समितियां सामाजिक विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं

लेकोड़ा सेक्टर में प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न, जनभागीदारी को बताया सामाजिक परिवर्तन का आधार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन और चयनित नवांकुर संस्था सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल द्वारा लेकोड़ा सेक्टर क्रमांक 02 की आदर्श ग्राम पंचायत गोंदिया में प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के तहत एक दिवसीय सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अरुण व्यास ने कहा कि प्रस्फुटन समितियां ग्रामीण विकास और सामाजिक परिवर्तन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। समितियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक



पहुंचाने, ग्रामीणों को जागरूक करने तथा जनभागीदारी के माध्यम से गांवों में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। समाज के विकास के लिए सामूहिक प्रयास, आपसी समन्वय और सेवा भावना आवश्यक है। मुख्य वक्ता डॉ. राजेश रावल ने प्रस्फुटन समितियों की कार्यक्षमता बढ़ाने, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण और नेतृत्व विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने सदस्यों को अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी निर्वहन करने, स्थानीय समस्याओं की पहचान करने और सामूहिक सहभागिता से उनके समाधान की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षक विवेक वेश्राम ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि समितियों की सफलता सदस्यों की सक्रियता, आपसी सहयोग और समाज के प्रति प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है। सभी सदस्यों को अपने क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से सामाजिक गतिविधियों का संचालन करते हुए विकास कार्यों में योगदान देना चाहिए। प्रशिक्षण सत्र के उपरांत कार्यशाला में सहभागिता करने वाले प्रस्फुटन समिति सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान नवांकुर संस्था सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल के अध्यक्ष उत्कर्ष सिंह सेंगर भी मौजूद रहे।

11 कन्याओं से शुरू हुआ गुमानदेव मंदिर का अनूठा गरबा महोत्सव पहुंचा 500 के पार

कन्या पूजन व भोज के साथ 14वें आयोजन का समापन, मुख्यमंत्री हुए शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पीपलीनाका रोड स्थित बाबा गुमानदेव हनुमान मंदिर प्रांगण में 3 से 12 वर्ष तक की कन्याओं के 14वें पारंपरिक गरबा महोत्सव का शरद पूर्णिमा पर समापन हुआ। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विशेष रूप से शामिल होकर बाबा गुमानदेव के दर्शन-पूजन किए और इस अनूठे आयोजन की सराहना की। समापन अवसर पर कन्या पूजन, कन्या भोज के साथ बालिकाओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी के गादीपति ज्यो. पं. चंदन श्यामनारायण व्यास ने बताया कि ब्रह्मलीन पंचांगकर्ता ज्यो. पं. श्यामनारायण व्यास की स्मृति में यह महोत्सव 14 वर्षों से हो रहा है। इसकी शुरूआत केवल 11 कन्याओं से हुई थी और आज 500 से अधिक बालिकाएं इसमें भाग लेती हैं। सुरक्षित व



अनुशासित पारिवारिक वातावरण के कारण यह आयोजन शहर में अपनी अलग पहचान बना चुका है। इस वर्ष गरबा महोत्सव 11 से 19 अक्टूबर तक रात 7 से 10 बजे तक आयोजित किया गया। इसमें केवल 12 वर्ष तक की कन्याओं को ही अवसर दिया गया और आयु की पुष्टि के लिए प्रवेश के समय आधार कार्ड की जांच की गई। बालिकाओं को पूर्व में पारंपरिक गरबा शैली का प्रशिक्षण भी दिया गया। 26 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के अवसर पर इसका विधिवत समापन हुआ।

समारोह में युवा कथाकार पं. कमलेश भाई, राजेश भाटी, पिंकेश देवड़ा, आनंद भाटी, पं. राम शुक्ल, अभिषेक देवड़ा, पं. अधीश द्विवेदी, पं. जयंत द्विवेदी, पं. प्रफुल्ल शर्मा, प्रख्यात त्रिवेदी, अक्षत जोशी, वासुदेव यादव, मनीष ठाकुर, अभिनव जोशी, पं. गोपाल कृष्ण दवे, आकांक्षा यादव, कनिका मीणा और संध्या गेहलोत सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

भाटी बने गुजराती सेन समाज के वरिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, बालकृष्ण को युवा कमान

प्रादेशिक बैठक में सर्वसम्मति से हुआ चुनाव, परिचय और विवाह सम्मेलन का ब्योरा भी किया पेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज कल्याण समिति और रजिस्टर्ड युवा संगठन उज्जैन के तत्वावधान में भव्य प्रादेशिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से उज्जैन के भरत भाटी को वरिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष और देवास (चिड़ावद) के बालकृष्ण वर्मा को युवा प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही उज्जैन शहर अध्यक्ष, युवा संगठन सचिव और महिला संगठन अध्यक्ष का भी निर्वाचन हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सुभाष चौहान ने की। मुख्य अतिथि उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा और आरोग्य भारती मालवा प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष विष्णु सेन कछावा थे। अति विशेष अतिथि इंदौर के युवा उद्योगपति जितेन्द्र पटेल रहे। युवा प्रदेश महासचिव कुलदीप वर्मा ने बताया कि प्रदेश कोषाध्यक्ष महेंद्र वर्मा बाहुबली ने परिचय सम्मेलन 2025 और विवाह सम्मेलन 2026 के आय-व्यय का ब्योरा समाजजनों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रदेश के एक तिहाई जिलाध्यक्षों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन



दुगार्शंकर देवड़ा ने किया। विशेष अतिथि के रूप में रामनारायण चौहान मंदसौर, परशराम सेन खरगोन, अशोक सोलंकी उन्हेल, बाबूलाल परमार उज्जैन, भगवान सेन खरगोन, संतोष भाटी उज्जैन, वल्लभ प्रसाद देवड़ा सुवासरा और प्रेम नारायण वर्मा कालापीपल उपस्थित थे।

कार्यक्रम में उज्जैन, देवास, इंदौर, आगर, शाजापुर, भोपाल, रतलाम, धार, खरगोन, मंदसौर, राजगढ़, नागदा, खंडवा, नर्मदापुरम, बुरहानपुर, बड़वानी, सीहोर, झाबुआ और आलीराजपुर के पदाधिकारी व समाजजन शामिल हुए। अंत में सहभोज का आयोजन हुआ तथा दिनेश सेन खरगोन और उज्जैन जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सेन सारोला ने आभार माना।

उज्जैन
गुरुवार
29
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

नानृतात्पातकं किञ्चित् न सत्यात् सुकृतं परम्।
विवेकात् न परो बन्धुः इति वेदविदो विदुः॥
अर्थः वेदों के जानकार कहते हैं कि अनृत (असत्य) के अलावा और कोई पातक नहीं, सत्य के अलावा अन्य कोई सुकृत नहीं और विवेक के अलावा अन्य कोई भाई नहीं।

खबर एक नजर...

हटा चुकी धाराओं में दिया आदेश, निगम अफसर पर 1 लाख का जुर्माना

इंदौर। वर्ष 2020 में हटाई जा चुकीं धाराओं के आधार पर निजी अस्पताल के खिलाफ आदेश जारी करने पर हाई कोर्ट ने इंदौर नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी पर एक लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। जस्टिस संदीप एन. भट्ट की पीठ ने निगम की इस लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताते हुए सात दिन के भीतर राशि जमा करने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता अस्पताल के अधिवक्ता विभोर खंडेलवाल और जयेश गुरनानी की दलीलों के बाद सुनवाई के दौरान निगम ने अपनी गलती स्वीकार कर 30 सितंबर का विवादित आदेश व लेखा रिपोर्ट वापस ले ली। कोर्ट ने कहा कि वैधानिक संस्था होने के नाते निगम से कानून के दायरे में काम करने की अपेक्षा की जाती है। निरस्त धाराओं के तहत यांत्रिक ढंग से आदेश जारी करने से याचिकाकर्ता को परेशान होना पड़ा और कोर्ट का समय भी बर्बाद हुआ।

रजिस्ट्रार ऑफिस में हजार करोड़ की संपत्ति के कागज बदले

इंदौर। पंजीयक विभाग में घुसकर प्रॉपर्टी रिकॉर्ड के रजिस्टर फाड़ दिए गए, दस्तावेजों में बदलाव कर कई रजिस्टर गायब कर दिए गए। मामला कलेक्टर तक पहुंचा तो जांच समिति बनाई गई। समिति ने 30 मामले पकड़े और 18 मामलों में एफआईआर कराई। इसके बावजूद पुलिस ने 15 महीने में एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई। कलेक्टर के 9 दिसंबर 2024 के आदेश पर जिला रिकॉर्ड रूम में संदिग्ध दस्तावेजों की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित की गई थी। समिति ने 9 जुलाई 2025 को रिपोर्ट दी। कलेक्टर के 17 जुलाई 2025 के पत्र के आधार पर वरिष्ठ उप पंजीयक, इंदौर-1 ने 24 जुलाई को पंढरीनाथ थाने में 18 संदिग्ध दस्तावेजों के मामले में एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र भेजा। 27 जुलाई 2025 को एफआईआर क्रमांक 83/2025 दर्ज हुई। संपत्ति करीब हजार करोड़ की बताई जाती है।

हॉस्टल में छात्रा ने लगाई फांसी, सागर की रहने वाली थी

इंदौर। भंवरकुआ क्षेत्र में हॉस्टल में रह रही 18 वर्षीय छात्रा रितिका रायकवार ने मंगलवार रात फांसी लगाकर जान दे दी। देर रात कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर हॉस्टल संचालक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो छात्रा की मौत का पता चला। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के मुताबिक, रितिका राधे-राधे हॉस्टल में अपनी सहेली के साथ रहती थी। वह तीन साल पहले इंदौर आई थी और यहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। मंगलवार को उसकी रूममेट अपने काम से उज्जैन गई हुई थी, इसलिए रितिका कमरे में अकेली थी। रितिका मूल रूप से सागर की रहने वाली थी। उसके पिता रामकिशन की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। परिवार में उसकी मां रुचि और एक छोटा भाई है। रितिका की मां ने बताया कि मंगलवार शाम को उनकी बेटी से मोबाइल पर बात हुई थी। बातचीत के दौरान रितिका ने पार्लर जाने की बात कही थी और मां से अपने अकाउंट में पैसे डालने के लिए कहा था। इसके बाद दोनों की बात नहीं हुई। रात में भंवरकुआ पुलिस ने मां से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की जांच के लिए पुलिस रितिका का मोबाइल जब्त करेगी।

इंदौर में महिला पर ब्लैकमेलिंग-धमकी देने का केस दर्ज

इंदौर। एक महिला के खिलाफ ब्लैकमेलिंग और धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता कृतिका तलरेजा ने महिला पर अपने पति संतोष तलरेजा को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर रुपए वसूलने और परिवार को परेशान करने के आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार महिला अब तक 40 लाख रुपए और इसके अलावा 20 से 25 लाख रुपए अलग-अलग ले चुकी है। पुलिस ने आवेदन की जांच, संबंधित पक्षों के बयान और दस्तावेजों के आधार पर मंगलवार को महिला के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 308(2), 308(7) और 351(2) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू की है। कृतिका ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उनका विवाह संतोष तलरेजा से 7 दिसंबर 1997 को हुआ था। उनकी एक बेटी है, जो न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर से पीड़ित है। शिकायत के मुताबिक कृतिका के दोबारा गर्भधारण नहीं कर पाने के कारण उनके पति सरोगेसी के विकल्प तलाश रहे थे। इसी दौरान महिला सरोगेट मदर बनने के लिए तैयार हुईं। कृतिका का दावा है कि संतोष और उस महिला से दो बच्चे हुए। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 5 अक्टूबर 2019 को महिला ने संतोष के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया था। कृतिका के अनुसार उस मामले में समझौते के लिए महिला ने अपनी बेटी को संतोष का नाम देने और उनके साथ पति-पत्नी की तरह रहने की शर्त रखी थी। शिकायतकर्ता का दावा है कि 7 अगस्त 2024 को उस मामले में समझौता हुआ था।

इंदौर में आरएसएस का एकत्रीकरण, सह सरकार्यवाह बोले- पूरे समाज तक पहुंचाएं पंच परिवर्तन के विचार

समाज की सज्जन शक्ति को लेकर चलें, तभी परिवर्तन संभव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह सरकार्यवाह अतुल लिमये ने कहा कि समाज की चुनौतियों और समस्याओं का समाधान केवल संगठन के प्रयासों से नहीं, बल्कि समाज की सज्जन शक्ति को साथ लेकर चलने से संभव है।

समाज परिवर्तन का काम कठिन और परिश्रमसाध्य है, लेकिन इसे संकल्प के साथ पूरा करना होगा। समाज का रथ तभी आगे बढ़ेगा, जब सभी लोग उसमें अपना योगदान देंगे। वे इंदौर में संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के समापन पर आयोजित इंदौर विभाग के चरैवेति एकत्रीकरण को संबोधित कर रहे थे। इसमें इंदौर विभाग के पांच जिलों के स्वयंसेवक शामिल हुए।

लिमये ने कहा कि संघ की 100 वर्षों की यात्रा स्वयंसेवकों के अथक परिश्रम की विजय यात्रा है। इस दौरान व्यक्ति निर्माण के लिए शाखा पद्धति विकसित हुई और देश-समाज के लिए जीवन समर्पित करने वाले स्वयंसेवकों की श्रृंखला तैयार हुई। सेवा, जागरण, संपर्क और प्रचार सहित विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली रचनाएं भी खड़ी हुईं, जिन्होंने समाज जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया।

संगठन विस्तार से संतुष्ट न हों, समाज के आचरण में बदलाव लाएं- लिमये ने कहा कि 100 वर्षों में संघ का व्यापक विस्तार हुआ है, लेकिन स्वयंसेवकों को इससे संतुष्ट होकर रुकना नहीं है। पूरे समाज में संघ भाव का विस्तार करने के साथ लोगों के आचरण में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लेना होगा। ऐसी रचनाएं विकसित करनी होंगी, जो समाज के व्यवहार में बदलाव ला सकें और ऐसा वातावरण बनाएं, जिसमें देश-समाज के अनुकूल विचारों को प्रोत्साहन मिले। उन्होंने कहा कि विचारों के साथ व्यवहार में भी परिवर्तन जरूरी है, ताकि समाज के किसी भी वर्ग के साथ विषमता का व्यवहार न हो। इसी उद्देश्य से संघ ने पंच परिवर्तन का संकल्प लिया है।

सामाजिक संगठनों के बीच संवाद और समन्वय बढ़ाने पर जोर- सह सरकार्यवाह ने कहा कि देश और समाज की समस्याओं से निपटने के लिए शासन के साथ समाज की भागीदारी भी जरूरी है। इसके लिए सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में काम करने वाली संस्थाओं के बीच संवाद और समन्वय बढ़ाना होगा। इन संस्थाओं की क्षमता और कुशलता के अनुरूप उन्हें कार्य और प्रशिक्षण देने की व्यवस्था भी विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का स्वभाव विकसित करना जरूरी है। व्यवस्था में परिवर्तन के लिए भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित व्यवस्थाओं और समाज को संस्कार देने वाली रचनाओं को मजबूत करना होगा। संघ का काम कठिन है, लेकिन स्वयंसेवकों ने वीरव्रत धारण किया है। उपेक्षा, विरोध, उत्साह और सहयोग जैसी अलग-अलग परिस्थितियों में भी काम को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना होगा।

ध्वजारोहण और योग प्रदर्शन से शुरूआत

चरैवेति एकत्रीकरण की शुरूआत ध्वजारोहण और संघ प्रार्थना से हुई। इसके बाद स्वयंसेवकों ने सामूहिक योग प्रदर्शन किया। इंदौर विभाग के कार्यवाह रित्रेश रघुवंशी ने शताब्दी वर्ष के दौरान विभाग में आयोजित कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मालवा प्रांत के प्रांत संघचालक डॉ. प्रकाश शास्त्री, विभाग संघचालक डॉ. मुकेश मोढ और मुख्य अतिथि उद्योगपति एवं समाजसेवी प्रशांत शाह मंच पर उपस्थित रहे। प्रशांत शाह ने राष्ट्र निर्माण में संघ के अनुशासन और देशभक्ति के महत्व पर विचार रखे।

सरकारी खजाने से नहीं होगी वसूली, हट चुकी धाराओं से हॉस्पिटल पर कार्रवाई

इंदौर नगर निगम के अधिकारी पर हाई कोर्ट सख्त, 1 लाख खुद भरेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



कानून की किताब में जिन धाराओं को 2020 में ही हटा दिया गया था, उन्हीं के आधार पर इंदौर नगर निगम के एक अधिकारी ने बाफना हॉस्पिटल एंड ऑथोर्पेडिक्स रिसर्च सेंटर के खिलाफ आदेश जारी कर दिया। मामला हाईकोर्ट पहुंचा तो नगर निगम को अपना आदेश वापस लेना पड़ा।

इस पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारी पर 1 लाख रुपए की कॉस्ट लगा दी। कोर्ट ने निर्देश दिए कि यह राशि नगर निगम के खजाने से नहीं, बल्कि संबंधित अधिकारी से वसूली जाए।

जस्टिस संदीप नटवरलाल भट्ट ने बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि अधिकारियों को अपने अधिकारों का इस्तेमाल प्रचलित कानून के अनुसार करना चाहिए। निरस्त हो चुकी धाराओं के आधार पर आदेश जारी करना गंभीर कानूनी चूक है। ऐसी गलती के कारण याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट आना पड़ा और न्यायालय का समय भी खर्च हुआ।

आदेश और लेजर रिपोर्ट वापस लेने पर सहमति- बाफना हॉस्पिटल एंड ऑथोर्पेडिक्स रिसर्च सेंटर प्राइवेट लिमिटेड ने नगर निगम के 30 सितंबर 2026 के आदेश और इसके आधार पर 7 अक्टूबर को जारी लेजर रिपोर्ट को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से सीनियर एडवोकेट मनोज मुंशी ने संबंधित अधिकारी के निर्देश पर कोर्ट को बताया कि विवादित आदेश प्रथम दृष्टया कानून के विरुद्ध है और निगम इसे वापस ले रहा है। कोर्ट ने आदेश और लेजर रिपोर्ट वापस लेने संबंधी निगम के कथन को रिकॉर्ड पर लिया। हालांकि, कोर्ट ने स्पष्ट किया कि केवल आदेश वापस लेने से अधिकारी की गंभीर कानूनी चूक को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

75 हजार विधिक सेवा प्राधिकरण, 25 हजार अस्पताल को- हाईकोर्ट ने कुल 1 लाख रुपए की कॉस्ट तय करते हुए इसके भुगतान का ब्योरा भी स्पष्ट किया है। 75,000 मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, इंदौर में जमा करने होंगे। 25,000 याचिकाकर्ता बाफना हॉस्पिटल को वाद-व्यय के रूप में दिए जाएंगे। 7 दिन की समय-सीमाः आदेश की तारीख से सात दिनों के भीतर राशि जमा करनी होगी।

वसूलीः राशि संबंधित अधिकारी से वसूली जाएगी, ताकि सरकारी खजाने पर इसका भार न पड़े।

कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की गलत कार्यवाही से पैदा होने वाली मुकदमेबाजी का आर्थिक बोझ अनावश्यक रूप से सार्वजनिक धन पर नहीं डाला जाना चाहिए। कॉस्ट लगाने का उद्देश्य ऐसी गलतियों को रोकना और अधिकारियों को उनके कानूनी दायित्वों के प्रति जवाबदेह बनाना है।

हट चुकी थीं नगर निगम अधिनियम की तीन धाराएं

कोर्ट ने पाया कि विवादित आदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 143, 146 और 153 के आधार पर जारी किया गया था, जबकि ये धाराएं वर्ष 2020 में ही विलोपित की जा चुकी थीं।
कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि नगर निगम जैसी वैधानिक संस्था के अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे कानून के मौजूदा प्रावधानों की जानकारी रखें और उन्हीं के अनुसार निर्णय लें।
कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि संबंधित अधिकारी ने कानूनी प्रावधानों की समुचित जांच किए बिना यांत्रिक तरीके से आदेश पारित किया। इसके कारण अस्पताल को न्याय के लिए हाईकोर्ट का रुख करना पड़ा। कोर्ट ने ऐसी स्थिति को निराशाजनक बताते हुए भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहीं होने की अपेक्षा जताई।

इंदौर में मेडिकल टीचर्स का आंदोलन स्थगित



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज और डेंटल कॉलेज के चिकित्सा शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन, इंदौर ने अपना आगामी आंदोलन स्थगित कर दिया है। एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल की बुधवार को कमिश्नर हेल्थ एस. धनराजू के साथ करीब एक घंटे तक चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया। बैठक में लंबित मांगों के निराकरण के लिए समयबद्ध कार्रवाई पर सहमति बनी। एमटीए के अनुसार मेडिकल कॉलेज और डेंटल कॉलेज स्तर पर लंबित एरियर का भुगतान, समयमान वेतनमान के नए प्रस्ताव तैयार करने और आयुष्मान योजना के लंबित इंसेंटिव के वितरण जैसे मुद्दों पर जल्द आदेश जारी करने का आश्वासन दिया गया। वहीं, संचालनालय और शासन स्तर पर लंबित विषयों का एक महीने के भीतर निराकरण करने पर सहमति बनी है।

एमटीए इंदौर ने उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के प्रति आभार जताया। एसोसिएशन के मुताबिक, उप मुख्यमंत्री की पहल पर कमिश्नर हेल्थ को प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर लंबित मांगों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए थे। उन्होंने संचालनालय और शासन स्तर पर लंबित मामलों को एक महीने में हल करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया। चर्चा में एमटीए अध्यक्ष डॉ. राहुल रोकड़े, सहसचिव डॉ. राममोहन शुक्ला, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मनीष वर्मा और डॉ. माधवी पाटीदार उपस्थित रहे।

रिश्वत लेते पकड़ाया नगर निगम का इंजीनियर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम के जोन-13 में पदस्थ सब इंजीनियर हर्ष गहलोत को लोकायुक्त ने बुधवार को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप किया। आरोप है कि उसने पानी के टैंकर के तीन महीने के बकाया बिल का भुगतान कराने के लिए लॉगबुक सत्यापन के बदले 6 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त की टीम ने चाणक्यपुरी चौराहे पर हनुमान मंदिर के सामने कार्रवाई की। दरअसल, नायता मुंडला निवासी सोहेल पटेल ने नगर निगम में अपना पानी का टैंकर अटैच कराया था। इसके तीन महीने का 1.12 लाख रुपए बिल भुगतान के लिए लंबित था। बिल पास कराने के लिए लॉगबुक का सत्यापन होना था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि इस प्रक्रिया के लिए उपयंत्री हर्ष गहलोत 6 हजार रुपए मांग रहा था।

निगम में 25 साल से शासन, फिर भी जलसंकट से निपटने की तैयारी नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में जलसंकट की आशंका और पानी की व्यवस्था को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नगर निगम में पिछले 25 साल से भाजपा का शासन है। प्रदेश में मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन मंत्री और शहर के सभी विधायक भाजपा से हैं।

इसके बावजूद यदि इंदौर जलसंकट से निपटने की तैयारी नहीं कर पा रहा है, इससे अकर्मण्यता कुछ नहीं हो सकती है।

पटवारी ने कहा कि इंदौर आज ट्रैफिक, पानी, सफाई और अव्यवस्थाओं जैसी कई समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जनसमस्याओं के समाधान के बजाय लूट में लगी है और उसकी निष्क्रियता का खामियाजा शहर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। हालांकि, जलसंकट के मुद्दे पर उन्होंने राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़कर सामूहिक प्रयास की बात भी कही। पटवारी ने कहा कि पानी का संकट पूरे इंदौर का मुद्दा है। इससे निपटने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। सत्ता पक्ष और विपक्ष को सकारात्मक सोच के साथ काम करना चाहिए, ताकि शहर को संकट से उबारने के लिए मिलकर रास्ता निकाला जा सके।

पानी बर्बाद करने वालों पर सख्ती, सोशल मीडिया से संदेश

बता दें, इंदौर में आगामी दिनों में जलसंकट की संभावना है। ऐसे में शहर में पानी की बबार्दी करने वालों पर लगातार नगर निगम नजर रख रही है। मंगलवार को ही महापौर के निर्देश पर पानी बर्बाद करने वाले एक व्यक्ति पर दो हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई। वहीं मंत्री विजयवर्गीय भी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को पानी बचाने का संदेश दे रहे है।

इंदौर में मराठा समाज ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय में सौंपा ज्ञापन, शेष आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

नाबालिक प्रथमेश हत्याकांड में एसआईटी जांच की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर



इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय प्रथमेश जायभाय की हत्या के मामले में मराठा समाज ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। बुधवार को समाज के लोगों ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने और शेष आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

प्रथमेश की 12 अक्टूबर 2026 की रात बजरंग नगर में पशुपतिनाथ मंदिर के पास हत्या हुई थी। समाजजनों ने पुलिस की जांच प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए मामले में शामिल बताए जा रहे कृष्णा और उसके भाई धीरज के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

कृष्णा और धीरज की गिरफ्तारी की मांग समाजजनों का आरोप है कि हत्याकांड में शामिल दो मुख्य आरोपी कृष्णा और उसका भाई धीरज अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। उनका कहना है कि पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में कृष्णा और धीरज के शामिल होने की बात कही है। इसके बावजूद पुलिस ने न तो दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है और न ही उन्हें प्रकरण में आरोपी बनाया है। समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में दोनों भाइयों का आतंक है और धीरज अन्य आरोपियों को लगातार संरक्षण देता रहा है।

सीसीटीवी फुटेज समय पर नहीं जुटाने का आरोप

ज्ञापन में पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए गए। प्रतिनिधियों का कहना है कि फरियादी पक्ष की ओर से बार-बार आग्रह करने के बावजूद पुलिस ने घटना के समय के महत्वपूर्ण सीसीटीवी फुटेज समय पर एकत्र नहीं किए। समाजजनों ने कहा कि नाबालिग की हत्या से पूरे समाज में भय और रोष है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए स्पेशल टीम गठित करने और शेष आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

खबर एक नजर...

जल संकट से निपटने कलेक्टरों को दी जिम्मेदारी, 12 जिलों में कम बारिश

भोपाल। मप्र में इस साल बारिश कम हुई है। प्रदेश सरकार के निर्देश पर तैयार रिपोर्ट में 12 जिलों में बहुत कम और 25 जिलों में औसत बारिश दर्ज हुई है। अब सबसे कम बारिश वाले 12 जिलों में पानी बबार्दी रोकने सरकार दिसंबर-जनवरी से बोरिंग खनन पर रोक लगा सकती है। वहीं कार वॉशिंग सेंटर पर भी मार्च तक रोक लग सकती है। इन जिलों में पानी बचाने की जिम्मेदारी कलेक्टरों को दी गई है। कलेक्टरों को पानी की उपलब्धता का आकलन कर जल वितरण की व्यवस्था करनी है। इसके अलावा पानी की बबार्दी रोकने के लिए हरसंभव उपाय करने हैं।

बैंक ने लिखा था-गारंटी फर्जी तो भी फर्म ने ले लिए 500 करोड़ के काम

भोपाल। गांवों की समूह जल योजना के काम लेने के लिए लगाई गई करीब 183 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी केस में एक चौंकाने वाला पत्र सामने आया है। यह कोलकाता की पीएनबी ब्रांच के द्वारा जून 2023 में लिखा गया है। बैंक ने मप्र जल निगम के ईडी को लिखे पत्र में बताया था कि मेसर्स तीर्थ गोपीकॉन लिमिटेड (टीजीएल) की 16.20 करोड़ और 19.60 करोड़ की बैंक गारंटी (बीजी) पीएनबी ने जारी नहीं की लेकिन ये पत्र जल निगम तक पहुंचा ही नहीं। टीजीएल ने इसी बैंक की बीजी लगाई थी, जिसे 31 जनवरी 2025 तक वैलिड बताया था। सीबीआई की पूछताछ के बाद कोलकाता पीएनबी ने मप्र जल निगम को भेजे पत्र की प्रति निकाली। जब इस पत्र की जल निगम में पड़ताल की गई तो किसी भी फाइल में इसके होने का रिकॉर्ड नहीं मिला। ह्यभास्करह्ल ने जानकारी ली तो पता चला कि फर्म ने जब बैंक गारंटी दी तो जल निगम ने इसके वेरिफिकेशन के लिए पीएनबी से संपर्क किया। फर्म के कर्ताधताओं ने पीएनबी के ई-मेल की फिशिंग (मूल नाम के साथ एक अक्षर बदलकर नई आईडी बनाना) करके जल निगम को बता दिया कि बैंक गारंटी सही है। इसी के बाद टीजीएल ने 2023 से 2025 के बीच करीब 500 करोड़ के काम शुरू कर दिए। फर्म को 150 करोड़ का भुगतान भी हो गया। साथ ही बीजी भी नकद में बदल गई। इस मामले में बैंककर्मी भी कार्रवाई के दायरे में हैं।

धर्म छिपाकर शादी का दबाव बनाया...:4 साल की सजा, 50 हजार रुपए जुमार्ना

ग्वालियर। धार्मिक पहचान छिपाकर युवती से दोस्ती करने और बाद में धर्म बदलकर शादी का दबाव बनाने के मामले में अदालत ने अमन शाह को चार साल के कठोर कारावास और 50 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है। मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत ग्वालियर में सजा सुनाए जाने का यह पहला मामला है। विशेष न्यायाधीश सिद्धि मिश्रा ने आरोपी को अधिनियम की धारा 5 में दोषी ठहराया, जबकि दुष्कर्म के आरोपों से संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया। वर्ष 2021 में अस्पताल में नौकरी के दौरान आरोपी ने खुद को ह्यअमन वाल्मीकिह्ल बताकर युवती से दोस्ती की थी। आधार कार्ड से सच्चाई सामने आने पर युवती ने संबंध खत्म कर लिए थे। इसके बाद आरोपी ने निजी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर धर्म परिवर्तन कर शादी का दबाव बनाया। विशेष कोर्ट ने कहा कि छल या दबाव से धर्म बदलवाना सामाजिक सौहार्द पर चोट है। जुमार्ने की राशि में से 25 हजार रुपए पीड़िता को प्रतिकर के रूप में मिलेंगे।

मिलावटखोरों पर 3.15 करोड़ का जुमार्ना, सिर्फ 40% वसूली, अब कुर्की की तैयारी

भोपाल। एक अप्रैल से लेकर 22 अक्टूबर तक मिलावटखोरी करने वालों पर जुमार्ना तो लगा, लेकिन वसूली में प्रशासन सुस्त है। प्रदेश के 5 बड़े शहरों में भोपाल की स्थिति सबसे बेहतर है। यहां 6.5 लाख रुपए जुमार्ना लगा, जिसमें 4 लाख से अधिक वसूले गए। लेकिन दूसरे जिलों की स्थिति काफी खराब है। जबलपुर सबसे पीछे है। यहां 82% जुमार्ना अब तक नहीं वसूला जा सका है। प्रदेशभर में 1 अप्रैल से 22 अक्टूबर 2026 तक 3.15 करोड़ रुपए से ज्यादा जुमार्ना लगा। इसमें 1.23 करोड़ वसूले गए, जबकि 1.92 करोड़ यानी 61% बकाया है। विभागीय आंकड़ों के विश्लेषण में सामने आया कि जबलपुर में 11.05 लाख में से 2.02 लाख, ग्वालियर में 66.84 लाख में से 21.83 लाख और इंदौर में 50.50 लाख में से 16.77 लाख रुपए वसूले गए।

मिसेरोद में 45 मीटर सड़क का विरोध, लगे पोस्टर

भोपाल। भोपाल के मास्टर प्लान-2047 के ड्राफ्ट में मिसरोद की ग्राम आबादी के बीच से प्रस्तावित 45 मीटर चौड़ी सड़क को लेकर विरोध तेज हो गया है। मिसरोद के रहवासी और किसानों ने सड़क के विरोध में पोस्टर वार शुरू कर दिया है। घर-दुकानों के बाहर पोस्टर लगा दिए गए। जिसमें लिखा कि जब तक सड़क हटेगी नहीं, तब तक किसी को वोट मिलेगा नहीं। इसके साथ ही पोस्टर पर 'राजनीतिक व्यक्तियों का प्रवेश निषेध है' लिखकर अपना विरोध दर्ज कराया गया है। रहवासियों और किसानों का कहना है कि प्रस्तावित सड़क से मिसरोद की मौजूदा ग्राम आबादी, सैकड़ों परिवारों के मकान, किसानों की कृषि भूमि और आजीविका प्रभावित होने की आशंका है।

केंद्र ने बढ़ाया डीए.. मप्र में भी हो सकता है ऐलान

दिवाली पर 5 प्रतिशत डीए देने की तैयारी, 12 लाख कर्मचारियों-पेंशनर्स को होगा 7500 तक का फायदा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

दिवाली से पहले मध्यप्रदेश के 12 लाख कर्मचारियों और पेंशनर्स को 5% महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) देने की तैयारी है। इसे लेकर जल्द ऐलान हो सकता है। माना जा रहा है कि इस पर सीएम मोहन यादव जल्द ही फैसला कर सकते हैं। केंद्र सरकार ने बुधवार को केंद्रीय कर्मचारियों का डीए 3% बढ़ाकर 63% कर दिया है। इसके बाद मध्यप्रदेश के कर्मचारी और पेंशनर्स केंद्र से 5 प्रतिशत अंक पीछे हो गए हैं। प्रदेश में फिलहाल 58% डीए और डीआर मिल रही है। राज्य सरकार यदि जनवरी 2026 से लंबित 2% और जुलाई 2026 से 3% बढ़ोतरी देने का ऐलान करती है, तो प्रथम श्रेणी के अधिकारियों को हर महीने 7,500 रुपए तक या इससे अधिक का फायदा हो सकता है। इस बढ़ोतरी से सरकार पर करीब 1,202 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आने का अनुमान है।



केंद्र और एमपी के डीए में 5 प्रतिशत अंक का अंतर

केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2026 से केंद्रीय कर्मचारियों के डीए में 3% बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। इसके बाद केंद्रीय कर्मचारियों का कुल डीए 63% हो गया है। दूसरी ओर, मध्यप्रदेश में कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के आधार पर 58% डीए और पेंशनर्स को 58% महंगाई राहत मिल रही है। अब लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ और अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने 4 नवंबर को सतपुड़ा भवन के सामने ध्यानाकर्षण प्रदर्शन करने का फैसला किया है।

कर्मचारियों को घोषणा का इंतजार

प्रदेश के कर्मचारी जनवरी 2026 से लंबित 2% बढ़ोतरी और जुलाई 2026 से देय 3% बढ़ोतरी की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। कर्मचारी संगठनों की मांग है कि राज्य सरकार दोनों अवधियों की बढ़ोतरी को मिलाकर कुल 5% का लाभ दे।

5% बढ़ोतरी से सरकार पर आएगा 1,202 करोड़ रुपए का भार

कर्मचारी संगठनों के आकलन के मुताबिक, जनवरी से जुलाई 2026 तक 2% डीए और डीआर देने पर सरकार पर करीब 450 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। वहीं, जुलाई से अक्टूबर 2026 तक 5% की दर से भुगतान करने पर करीब 752 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च अनुमानित है। इस तरह जनवरी से अक्टूबर तक कुल भुगतान का अनुमानित भार 1,202 करोड़ रुपए बताया गया है। डीए और डीआर में बढ़ोतरी की मांग को लेकर मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने 22 अक्टूबर को गवर्नमेंट प्रेस के पास प्रदर्शन किया था। इसमें करीब 12 लाख कर्मचारियों और पेंशनर्स को महंगाई भत्ते का लाभ देने की मांग उठाई गई।

भोजशाला मामले में सुनवाई आज

इंदौर पीठ के फैसले को मुस्लिम पक्ष की चुनौती; अभी खसरा नंबर 612 पर हो रही नमाज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ धार

भोजशाला विवाद में मुस्लिम पक्ष की ओर से दायर पांच याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में 29 अक्टूबर को सुनवाई प्रस्तावित है। याचिकाएं मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर पीठ के 15 मई 2026 के फैसले के खिलाफ दायर की गई हैं। हाईकोर्ट ने भोजशाला को मां सरस्वती का मंदिर मानते हुए हिंदू समाज को रोज पूजा-अर्चना का अधिकार दिया था। सुप्रीम कोर्ट में इससे पहले कई बार सुनवाई टल चुकी है। ऐसे में अब कोर्ट की कार्यवाही और आगे के निदेर्शों पर नजर रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने 14 जुलाई को अंतरिम निर्देश देकर राज्य सरकार को मुस्लिम समाज के लिए शुक्रवार को जुमे की नमाज की वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा था। प्रशासन ने शुरूआत में चालीस पीर दरगाह के पास खाली जमीन तय की, लेकिन मुस्लिम पक्ष ने भोजशाला से दूरी होने के कारण आपत्ति जताई। इसके बाद भोजशाला के पिछले हिस्से में दाईं ओर स्थित खसरा नंबर 612 की जमीन पर नमाज की व्यवस्था की गई।



सिंधिया राजपरिवार संपत्ति विवाद- प्रतिमा के बयान आज

41 हजार करोड़ की संपत्ति के समझौते पर हस्ताक्षर को बताया था धोखाधड़ी, करना होगा साबित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

सिंधिया राज परिवार की 41 हजार करोड़ रुपए की संपत्ति के बंटवारे को लेकर आपसी सहमति से तैयार हुआ समझौता प्रस्ताव (राजीनामा) हर सुनवाई के साथ कानूनी अड़चनों में फंसता गया है। आज समझौते प्रस्ताव पर आपत्ति लगाने वाली ज्योतिरादित्य सिंधिया की बड़ी बुआ पदमाराजे की सुपुत्री प्रतिमा राणा के बयान दर्ज होंगे। प्रतिमा देवी ने आरोप लगाया था कि समझौता प्रस्ताव में सहमति पर हस्ताक्षण धोखाधड़ी है। इसी आरोप के बाद केस में हलचल तेज हो गई थी।

अब प्रतिमा के आवेदन को स्वीकार कर कोर्ट ने उन्हें अपना पक्ष स्पष्ट करने का मौका दिया है। प्रतिमा देवी के गुरुवार को बयान होंगे और उनको अपनी बात को सबित करने के लिए साक्ष्य भी पेश करने होंगे। इससे पहले 14 अक्टूबर को हुई सुनवाई में कोर्ट ने साक्ष्य कराने की बात पर सहमति देते हुए केस को आगे बढ़ाया था।

इस बहुचर्चित संपत्ति विवाद के समझौते पर सात दिन पहले हुई सुनवाई में ज्योतिरादित्य सिंधिया की बड़ी बुआ दिवंगत पद्मावती राजे की बेटी प्रतिमा देवी राना के समझौता आपत्ति आवेदन पर बहस हुई थी।

'एक्स पार्टी' (एकपक्षीय) घोषित कर दिया था

मूल दावे में दिवंगत बड़ी बुआ पद्मावती राजे की दोनों बेटियों कनिका देवी सिंह और प्रतिमा देवी राना को पक्षकार तो बनाया गया था, लेकिन पूर्व में सुनवाई के दौरान उपस्थित न होने के कारण अदालत ने उन्हें 'एक्स पार्टी' (एकपक्षीय) घोषित कर दिया था।



सहमति से हस्ताक्षर की बात

प्रतिमा देवी द्वारा दर्ज कराई गई आपत्ति का जवाब प्रतिमा राणा की तीनों मौसियों (राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, एमपी की पूर्व मंत्री यशोधरा राजे और उषा राजे) ने न्यायालय में दिया है। उनका कहना है कि स?हमति से हस्ताक्षर हुए हैं। हस्ताक्षर के बाद सभी वहां रुके फिर फैमिली डिनर हुआ और आखिर में फोटोग्राफ्स भी लिए गए। वसुंधरा राजे, उषा राजे और यशोधरा राजे ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से पैतृक संपत्ति में अपना हिस्सा पाने के लिए सिविल सूट दायर किया था। लंबे कानूनी विवाद के बाद हाल ही में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से एक राजीनामा तैयार कर कोर्ट में पेश किया था।

मंदसौर में सफेद जहर का कारोबार पकड़ाया

नकली दूध की फैक्ट्री सील, 40 लीटर केमिकल और पाउडर जब्त



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

मंदसौर जिले के शामगढ़ थाना अंतर्गत डूंगरखेड़ी गांव में पुलिस ने दबिश देकर नकली दूध बनाने वाली फैक्ट्री का पदार्फाश किया है। गांव की नई आबादी में कृष्णपाल और शिवपाल के मकान पर यह अवैध कारोबार संचालित हो रहा था।

पुलिस की टीम जब मौके पर पहुंची तो आरोपी दोनों भाई फरार हो चुके थे। पुलिस ने स्थल से पारस कंपनी के 6 कट्टे दूध पाउडर, 40 लीटर केमिकल, 40 लीटर तैयार नकली दूध, पाम ऑयल के 5 डिब्बे, 2 हजार लीटर क्षमता का दूध टैंक, तौल कांटा, फ्रिज और मोटर जब्त की है। कार्रवाई के दौरान एसडीओपी दिनेश प्रजापति, थाना प्रभारी कपिल सौराष्ट्रीय और चौकी प्रभारी मनोज महाजन मौजूद थे। पुलिस की सूचना पर जिला खाद्य अधिकारी धीरेंद्र सिंह जादौन और नायब तहसीलदार भीम सिंह खराड़ी भी मौके पर पहुंचे तथा खाद्य विभाग की टीम ने नमूनों को प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा।

हैरानी की बात यह है कि डूंगरखेड़ी में 40 दिनों के भीतर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है। करीब 40 दिन पहले भी खाद्य सुरक्षा विभाग ने शंका के आधार पर यहां से सैंपलिंग की थी, लेकिन उसकी रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक नहीं हो सकी है।

खाद्य विभाग की इस सुस्ती और लेटलतीफी के कारण अंचल में मिलावटखोर बेखौफ होकर दोबारा जहरीला दूध बनाने का प्लांट खड़ा कर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में मिलावट के खिलाफ मुख्य रूप से पुलिस ही मोर्चा संभाले हुए है, जबकि जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। पुलिस और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम फिलहाल फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। गरोठ और शामगढ़ अंचल में सिंथेटिक दूध का काला कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। इससे पहले 8 अप्रैल को कोटड़ाबुजुर्ग गांव में पुलिस ने 1500 लीटर सिंथेटिक दूध व 100 लीटर केमिकल जब्त कर आरोपी पवन गुर्जर को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 12 अप्रैल को चचावदा चौकटिया में 1 हजार लीटर गाढ़ा नकली दूध, मिक्सिंग उपकरण व लैब पकड़ी गई थी, जिसे आरोपी मनीष संचालित कर रहा था। इन मामलों में भी खाद्य विभाग की आगे की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं।

विधानसभा में कार्यशाला का पहला दिनः

ई-विधान ट्रेनिंग -100 में से 38 विधायक पहुंचे, 60 ने स्टाफ भेजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मप्र विधानसभा की कार्यवाही को पेपरलेस बनाने के लिए बुधवार से विधायकों की नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) के इस्तेमाल की ट्रेनिंग शुरू हो गई। पहले दिन दो सत्रों में 50-50 के बैच में कुल 100 विधायकों को ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया था, लेकिन सिर्फ 38 ही ट्रेनिंग लेने पहुंचे। 60 विधायकों ने अपने स्टाफ को ही ट्रेनिंग लेने भेज दिया। तीन दिन चलने वाली इस प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने किया। तोमर ने कहा कि पहले विधायकों को प्रश्न लिखकर मैन्युअल रूप से जमा करने होते थे, तब एक सत्र में औसतन 700 प्रश्न ही आ पाते थे। लेकिन, ऑनलाइन व्यवस्था शुरू होने के बाद से यह संख्या बढ़कर सीधे 4 हजार तक पहुंच गई है। उन्होंने जोर दिया कि ये 4 हजार प्रश्न असल में जनता के क्षेत्रों की आवाज हैं, जो सरकार तक सीधे और प्रभावी ढंग से पहुंच रहे हैं। विधानसभा की लोक लेखा समिति के अध्यक्ष भंवर सिंह शेखावत, प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष अजय विश्नोई, प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा, दिल्ली से प्रशिक्षण देने आए नेवा के विशेषज्ञ अमित जैन ने विधायकों को संबोधित किया।

विधायकों के बाद 2 नवंबर को अफसरों की ट्रेनिंगः विधायकों की ट्रेनिंग 29 और 30 अक्टूबर को भी चलेगी। इसके बाद 2 नवंबर को सभी 54 विभागों के विधानसभा नोडल ऑफिसर और मंत्रियों के स्टाफ को ट्रेनिंग दी जाएगी। पिछले करीब दो साल से सदन के सत्रों से दूर रहीं बीना विधायक निर्मला सप्रे भी विधायकों के प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा लेने के लिए विधानसभा पहुंचीं। हालांकि उद्घाटन सत्र के तुरंत बाद वे विधानसभा से चली गईं। गौरतलब है कि कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर विधायक चुनी गई निर्मला सप्रे ने लोकसभा चुनाव के दौरान मई 2024 में सागर में मुख्यमंत्री की एक आमसभा में भाजपा की सदस्यता ले ली थी।

ननद बोली-तू मर जा, भाई की दूसरी शादी करा दूंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

बहन से उसकी ननद ने कहा- तू मर जा, मैं भाई की दूसरी शादी करा दूंगी। करीब आठ घंटे बाद वह वह चौथी मंजिल से कूद गई। इससे पहले, छोटे भाई से कहा था कि बच्चों को ख्याल रखना। यह कहना है धर्मेंद्र शर्मा का। 26 अक्टूबर को तड़के 4 बजे उनकी छोटी बहन भूमि शर्मा (32) ने चौथी मंजिल से कूदकर सुसाइड की कोशिश की। धर्मेंद्र का आरोप है कि बहन से उसकी ननद वंदना शर्मा पत्नी मनीष शर्मा अक्सर झगड़ा करती थी। एक दिन पहले ही वंदना और देवर जितेंद्र शर्मा ने उसके साथ गाली-गलौज की थी। इसके बाद से वह परेशान थी। घटना के करीब तीन दिन हो गए हैं। गंभीर हालत में दिल्ली के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती है। शरीर का नीचे का हिस्सा पैरालाइज हो गया है। तीन दिन बाद होश नहीं आया है।

मूल रूप से अंबाह के रहने वाले हरेंद्र शर्मा मुरैना में दूध का कारोबार करते हैं। 12 साल पहले उनकी शादी भूमि शर्मा (32) से हुई। वह अपने 11 साल की बेटी और 9 साल के बेटे के साथ नैनागढ़ रोड स्थित बिल्डिंग में रहते हैं। एक महीने पहले ही रामहेत सिकरवार के मकान में किराए पर रहने आए थे। सोमवार सुबह करीब 4 बजे भूमि चौथी मंजिल पर खड़ी होकर कूदने लगी। नीचे खड़े उसके बेटा-बेटी उसे रोकने के लिए चिल्लाते रहे, पति भी उसे रोकता रहा, लेकिन उसने नहीं सुनी।

अचानक भोपाल पहुंचे मोहन भागवत, आचार्यश्री से की मुलाकात

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत बुधवार सुबह अचानक भोपाल पहुंचे। यहां उन्होंने संघ कार्यालय समिधा में पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद एमपी नगर के पास चातुर्मास कर रहे जैन आचार्यश्री समय सागर महाराज से मुलाकात की।
भोपाल पहुंचने पर संघ प्रमुख का स्वागत स्वप्निल कुलकर्णी, संघ के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता और कैलाश लोवंशी ने किया। भागवत का भोपाल प्रवास ऐसे समय हुआ, जब इंदौर में संघ के शताब्दी वर्ष के समापन का बड़ा आयोजन है।

सनातन को मुस्लिम-ईसाई से नहीं हिंदुओं से खतरा; करवाचौथ को 'खसम पूजन-दिवस' भी बताया था

धीरेंद्र शास्त्री बोले- नशा-नींद और नारी सबसे घातक

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बुधवार को पीतांबरा पीठ पहुंचे थे, धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा- हिंदुओं को समझाने नहीं, जगाने आए हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दतिया

दतिया में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बुधवार को पीतांबरा पीठ पहुंचे। उन्होंने मां बगलामुखी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा- गति जरूरी है, लेकिन उसके साथ प्रगति भी आवश्यक है। तुम्हारे फ्यूचर के लिए नशा, नींद और नारी सबसे घातक हैं। उन्होंने कहा- वर्तमान में सनातन और हिंदुत्व के लिए ईसाई और मुसलमान खतरा नहीं हैं। उनसे बहुत कम खतरा है, लेकिन हिंदुओं को हिंदुओं से ज्यादा खतरा है। देर से समझेंगे। हम इन्हें समझाने नहीं, जगाने आए हैं। हिंदुओं को सनातन के प्रति जगाते रहेंगे।

इससे पहले धीरेंद्र शास्त्री ने शिवपुरी के करैरा में करवाचौथ को ह्यखसम पूजन दिवसह्ल कहा था। शास्त्री ने कहा था- सिर्फ एक दिन व्रत रखकर बाकी 364 दिन पतियों को ताने नहीं देने चाहिए। ये न कहें कि कहां से मिल गए, कौन से मुहूर्त में शादी हुई थी। इससे अच्छा तो हम ऐसे ही मर जाते।



धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- हम सिर्फ लोगों को जगाने आए हैं। इस दुनिया में जो सबसे ज्यादा जगाने का काम करता है, उसकी ही सबसे ज्यादा हत्या की जाती है। चाहे शब्दों से हत्या की जाए या वैसी हत्या की जाए। मुर्गा जगाने का काम करता है और सबसे ज्यादा वही काटा जाता है।

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- करेरा की कथा के मध्य में हम भगवती मां पीतांबरा माई के चरणों में आए हैं। कृपा बगलामुखी माई की तो चिंता फिर काहे की। इस भूमि, यहां की तपोस्थली और दिव्यता से हमारा बहुत जुड़ाव है। भाव हमारे ऐसे ही बने रहें। दतिया पहुंचने पर पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने निवास 'माई कृपा' पर समर्थकों के साथ धीरेंद्र शास्त्री का स्वागत किया। इसके बाद धीरेंद्र शास्त्री ने प्राचीन वनखंडेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। इस दौरान पीठ परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। दर्शन के बाद वे शिवपुरी जिले के करेरा रवाना हो गए, जहां उनकी हनुमान कथा का अंतिम दिन था।

पंडोखर बाबा के आरोपों पर बोले- टीका-टिप्पणी नहीं करेंगे

पंडोखर धाम के पीठाधीश्वर गुरुशरण महाराज के आरोपों पर धीरेंद्र शास्त्री बचते नजर आए। उन्होंने कहा- वे संतों पर किसी प्रकार की टीका-टिप्पणी नहीं करेंगे। पंडोखर सरकार के पीठाधीश्वर गुरुशरण महाराज ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था कि पंडोखर धाम के अश्व यज्ञ, रास यज्ञ या श्रीराम महायज्ञ में पूछे गए पांच सवालों में से चार के सही जवाब देने पर नकद, चेक या ड्राफ्ट से 1 करोड़ 41 लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा।

भोपाल मेट्रो:30 अक्टूबर से शुरू होंगी टिकट वेंडिंग मशीनें; 30 सेकंड में खुद निकाल सकेंगे क्यूआर टिकट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल मेट्रो के संचालन और रखरखाव पर सालाना 20 से 25 करोड़ रुपए खर्च हो रहा है। यानी रोजाना 5.5 से 7 लाख रुपए तक। इसके मुकाबले 6.22 किमी के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सामान्य दिनों में सिर्फ 150 से 500 यात्री सफर कर रहे हैं। वीकेंड पर यह संख्या 1,000 से 1,200 तक पहुंचती है। टिकटों से होने वाली कमाई परिचालन खर्च के 2% तक भी नहीं पहुंच रही है। इस बीच मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन 30 अक्टूबर से भोपाल और इंदौर के संचालित कॉरिडोर के स्टेशनों पर टिकट वेंडिंग मशीनें शुरू कर रहा है। यात्री इनसे 30 सेकंड में खुद क्यूआर टिकट निकाल सकेंगे। दोनों शहरों के प्रमुख स्टेशनों पर दो-दो मशीनें लग चुकी हैं। दृष्टिबाधित यात्रियों के लिए इनमें ब्रेल लिपि की सुविधा भी है। नई मशीनों से टिकट लेने के लिए काउंटर की कतार में नहीं लगना पड़ेगा। भुगतान यूपीआई से होगा। मशीन से निकला प्रिंटेड क्यूआर टिकट एएफसी गेट पर स्कैन करते ही गेट खुल जाएगा। इससे टिकट लेने की प्रक्रिया कैशलेस और कॉन्टैक्टलेस होगी।

उत्तराखंड से मुंबई तक का सफर, दुनिया की ठांए-ठांए में दिखेंगे सुशील

उत्तराखंड के पहाड़ों से निकलकर मायानगरी मुंबई तक पहुंचने का सफर आसान नहीं होता। इसके लिए प्रतिभा के साथ संघर्ष, मेहनत और अपने किरदारों को जीने का हुनर भी जरूरी है।

पौड़ी जिले के लैंसडाउन तहसील के बौंठ गांव से ताल्लुक रखने वाले अभिनेता सुशील बौंठियाल ने इसी सफर में अपनी अलग पहचान बनाई है। रंगमंच से अभिनय की शुरूआत करने वाले सुशील ने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) से प्रशिक्षण लिया और इसके बाद फिल्मों व टेलीविजन की दुनिया में कदम रखा। अब वह हालिया वेब सीरीज दुनिया की ठांए-ठांएह्न में मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं।

इस सीरीज में उन्होंने एक ऐसे पिता का किरदार निभाया है, जो आर्थिक तंगी के बावजूद अपने बेटे के सपनों को पूरा करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा देता है। कभी कंचा खेलने में माहिर रहा यह पिता अपने बेटे को शूटिंग की ट्रेनिंग दिलाता है। बेटे के मेडल के सपने को पूरा करने के लिए वह अपना सामान तक बेच देता है और घर में एक खाली फ्रेम रखता है, ताकि बेटे की उपलब्धि को उसमें सजा सके। सुशील के मुताबिक, यह किरदार उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा, क्योंकि इसमें एक पिता के संघर्ष, त्याग और उम्मीदों को अलग अंदाज में पर्दे पर उतारना था।



सुशील का उत्तराखंड से रिश्ता सिर्फ जन्मभूमि तक सीमित नहीं है। उनके नाम के साथ जुड़ा बौंठियाल उपनाम भी उनके पैतृक गांव की पहचान से आया है। पांचवीं तक गांव में सरकारी स्कूल में पढ़ाई करने के बाद वह परिवार के साथ लखनऊ चले गए। वहां पढ़ाई, थिएटर और एनएसडी के सफर ने उन्हें अभिनय की दुनिया के लिए तैयार किया। फुलवा सीरियल में जन्नत के पिता की भूमिका से लेकर कागज , गुलाब गैंग , बिल्लू बार्बर और सेल्फी जैसी फिल्मों तक उन्होंने अलग-अलग किरदार निभाए हैं।

नेपोटिज्म पर बोलीं सारा अली खान, बॉलीवुड में कोई गॉडफादर नहीं था

एक्ट्रेस सारा अली खान ने बॉलीवुड में अपने सफर, नेपोटिज्म और स्टार किड होने पर खुलकर बात की है। फिल्मफेयर को दिए इंटरव्यू में सारा ने कहा कि उनका बॉलीवुड में कोई गॉडफादर नहीं था।

हालांकि उन्होंने माना कि पटौदी परिवार से होने के कारण उन्हें आसानी से पहचान और मौके मिले, लेकिन काम पाने के लिए उनके पिता सैफ अली खान ने कभी किसी से सिफारिश नहीं की।

सारा ने बताया कि वे अपनी सिंगल मदर अमृता सिंह के साथ रहती हैं और पहली फिल्म 'केदारनाथ' के दौरान आई दिक्कतों को उन्होंने खुद ही सुलझाया था। सारा ने कहा कि वे इस बात से इनकार नहीं कर सकतीं कि उनके सरनेम ने उनके लिए दरवाजे खोले और एक्टर बनने से पहले ही पहचान दिलाई।

हालांकि, वे इस बात से असहज महसूस करती हैं कि 'नेपोटिज्म' को एक बुरा शब्द बना दिया गया है। सारा के मुताबिक, इस शब्द की वजह से कलाकारों की अपनी मेहनत और कोशिशों को नकार दिया जाता है। उन्होंने कहा कि चाहे वे खुद हों, जान्हवी कपूर हों या अनन्या पांडे, किसी ने यह नहीं चुना कि वे किसके घर पैदा होंगी।



पिता ने नहीं की फिल्मों के लिए सिफारिश

अपने पारिवारिक बैकग्राउंड पर बात करते हुए सारा ने कहा कि फिल्मी परिवार से होने का मतलब यह नहीं है कि करियर का हर रास्ता आसान हो जाता है। उन्होंने बताया कि उनके पिता सैफ अली खान ने कभी किसी डायरेक्टर के दफ्तर जाकर उनके लिए रोल नहीं मांगे और न ही उनके कॉन्ट्रैक्ट्स पर बातचीत की।

2004 में माता-पिता के अलग होने के बाद से वे अपनी मां अमृता सिंह के साथ रह रही हैं और इंडस्ट्री में उन्होंने अपने फैसले खुद लिए हैं।

'केदारनाथ' विवाद का खुद किया सामना

सारा ने 2018 में रिलीज हुई अपनी पहली फिल्म 'केदारनाथ' का जिक्र करते हुए बताया कि जब शूटिंग के दौरान दिक्कतें आई थीं, तो उन्होंने खुद ही मामला सुलझाया था। उस वक्त उनके साथ कोई नहीं खड़ा था।

उन्होंने कहा कि 8 साल के करियर के बाद भी लोगों को यह बातें समझानी पड़ती हैं, जो सही नहीं है। डेब्यू का मौका मिलना एक अलग बात है, लेकिन आगे का सफर अपनी काबिलियत पर ही तय होता है।

1991 में हुई थी सैफ और अमृता की शादी

सारा अली खान के पारिवारिक बैकग्राउंड की बात करें तो उनकी मां अमृता सिंह 80 और 90 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस रही हैं। अमृता सिंह ने 1991 में सैफ अली खान से शादी की थी। शादी के 13 साल बाद 2004 में दोनों का तलाक हो गया था। सारा का जन्म 1995 में और उनके भाई इब्राहिम का जन्म 2001 में हुआ था। बाद में सैफ अली खान ने 2012 में करीना कपूर से शादी कर ली थी।

हालिया रिलीज फिल्म 'उड़ता तीर' में आईं नजर

करियर पर बात करें तो सारा अली खान की हालिया फिल्म 'उड़ता तीर' सिनेमाघरों में चल रही है। आकाश कौशिक के निर्देशन में बनी इस स्पाई-कॉमेडी फिल्म में आयुष्मान खुराना मुख्य भूमिका में हैं।

बॉडी शेमिंग पर कटरीना का जवाब, लोग सब जानते हुए भी ट्रोल करते हैं



एक्ट्रेस कटरीना कैफ ने मां बनने के बाद उनके शारीरिक बदलावों और वजन को लेकर हो रही ट्रोलिंग पर चुप्पी तोड़ी है।

मैगजीन वोग इंडिया को दिए इंटरव्यू में कटरीना ने महिलाओं पर प्रेग्नेंसी के तुरंत बाद पुराने लुक में लौटने के सामाजिक दबाव पर सवाल उठाए हैं। कटरीना ने कहा कि वे जिंदगी के इस खूबसूरत दौर का आनंद ले रही हैं और अपनी सहूलियत के हिसाब से फिटनेस हासिल करेंगी।

कटरीना पति विक्की कौशल के साथ अंबानी परिवार के गणेशोत्सव में शामिल हुई थीं, बढ़े हुए वजन के कारण सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया गया। उनकी तस्वीरों की तुलना की जाने लगी थी।

'बाउंस बैक' शब्द पर कटरीना ने उठाए सवाल

कटरीना ने महिलाओं के लिए इस्तेमाल होने वाले शब्द बाउंस बैक (पुराने शेप में लौटना) को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, ₹बाउंस बैक कहां से? मैंने अपनी जिंदगी में आगे बढ़कर वह हासिल किया है, जिसकी मुझे लंबे समय से चाहत थी। फिर मैं पीछे क्यों जाना चाहूंगी? कटरीना ने बताया कि बेटे विहान के जन्म के शुरूआती दिनों में उसे देखना एक अलग अहसास था, जिसने उनके और विक्की के 4 साल के लंबे इंतजार और संघर्ष को पूरा कर दिया।

कठोर नजरिए से देखना लोगों की निजी पसंद

सोशल मीडिया पर हो रही ट्रोलिंग पर बात करते हुए कटरीना ने कहा कि आज का समाज में हर कोई जानता है कि बच्चे को जन्म देने के बाद महिला के शरीर में क्या बदलाव आते हैं। इसके बावजूद अगर लोग उस शरीर को बुरे नजरिए से देखना चाहते हैं, तो यह उनकी व्यक्तिगत पसंद है। इसे जानकारी की कमी नहीं कहा जा सकता।

अपनी रफ्तार से हासिल करूंगी फिटनेस लक्ष्य

कटरीना ने साफ किया कि वे अपनी फिटनेस को लेकर जागरूक हैं और जानती हैं कि उनका शरीर किस स्तर पर सबसे अच्छा महसूस करता है। वे बिना किसी दबाव के अपनी गति से उस फिटनेस गोल तक पहुंचेंगी। इंटरव्यू में साल 1990 की मशहूर किताब ह्यद ब्यूटी मिथह्न का भी जिक्र किया गया, जिसमें बताया गया था कि कैसे समाज में महिलाओं के स्वाभाविक बदलावों और प्रेग्नेंसी के बाद के शारीरिक स्वरूप को गलत नजरिए से देखा जाता है।

नाना पाटेकर को याद कर भावुक हुए केसी बोकाडिया, बोले- पहली बार किसी के जाने पर झटका लगा

बॉलीवुड डायरेक्टर केसी बोकाडिया अभिनेता नाना पाटेकर को याद करते हुए भावुक हो गए। दैनिक भास्कर से बातचीत में केसी बोकाडिया ने कहा कि नाना पाटेकर के जाने का झटका उन्हें गहराई से लगा था और वे उन्हें अपने बेहद करीब मानते थे।


बोकाडिया के अनुसार, नाना पाटेकर का अभिनय किसी आम आदमी के व्यवहार जैसा स्वाभाविक था, जिसे दर्शकों ने हमेशा बहुत पसंद किया। उन्होंने कहा कि पूरा देश आज भी नाना पाटेकर को याद करता है और उनके जाने से हुई कमी को कोई पूरा नहीं कर सकता।

इसके अलावा उन्होंने अपने टीवी शो 'संस्कार' की सफलता, फिल्म इंडस्ट्री में आए बदलावों पर भी बात की। केसी बोकाडिया ने बातचीत में बताया कि फिल्म उद्योग में कई बड़े और चर्चित सितारे रहे हैं, लेकिन नाना पाटेकर की शैली सबसे अलग थी। उन्होंने कहा कि नाना पाटेकर पर्दे पर आम इंसान के हाव-भाव और बोलचाल को जिस सादगी से पेश करते थे, वह उनकी सबसे बड़ी ताकत थी।

उन्हें पटकथा और संवादों की गहरी समझ थी। बोकाडिया के मुताबिक, नाना पाटेकर के अभिनय में कोई बनावट या दिखावा नहीं था, बल्कि उसमें असल जिंदगी की वास्तविकता और ईमानदारी झलकती थी।

नाना पाटेकर के साथ अपने निजी और भावनात्मक जुड़ाव पर बात करते हुए केसी बोकाडिया भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि जीवन में पहली बार किसी के जाने से उन्हें इतना बड़ा मानसिक झटका लगा था। बोकाडिया ने बताया कि वे जल्द ही उनके घर जाकर उनकी पत्नी से मुलाकात करेंगे और अपना दुख व्यक्त करेंगे। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने एक महान कलाकार को बहुत जल्दी बुला लिया, लेकिन उनका काम और उनकी यादें हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेंगी।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ





जोक्स

टीचरः 10 नंबर के एक प्रश्न का जवाब दो छात्र : सर प्रश्न पूछो..
टीचरः बताओ सबसे ज्यादा नकल कहां होती है?
छात्रः सर, व्हाट्सएप पर
टीचरः शाबाश, लो 10 में 10 नंबर

टीचरः 14 फलों के नाम बताओ
पप्पूः सेब, आम
टीचरः ये तो बस दो हैं, 14 पूछे थे
पप्पूः एक दर्जन केले...

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. नमाज से पहले पढ़ी जानेवाली आयत-3
3. तहजीब, शिष्टता-3
5. पिता के पिता-2
6. स्मृति-2
8. बारिश, बरखा-4
11. शांति, सन्नाटा-3
13. गिरवी रखी वस्तु-3
14. सूक्ष्म कण-2
15. बारबाला, मधुबाला
16. समझौता-3
18. बहने का भाव-3
20. बारिश का महीना-3
22. मां, मम्मी, मदर-2
24. श्रवणेंद्रिय-2
25. अंधकार, अंधेरा-3
26. अनुकृति-3

ऊपर से नीचे

1. नाज, नखरा, चौंचल-2
2. भाग्य, किस्मत-3
3. अचानक, अकस्मात-3
4. देह, बदन-2
5. बिजली, विद्युत रश्मि-3
7. दबाना, कुचलना-3
9. घोड़ागाड़ी-3
10. जुगत, युक्ति-4
12. कारण-3
16. कृष्ण का गरीब मित्र-3
17. पैंतरा, शर्त-2
19. भार-3
20. बहादुरी-3
21. नेत्र, आंख-3
23. पितामह-2
24. समयगति-2

माथा पच्ची

100		4		2		30	=	20
	■		■		■		■	
30		2		2		20	=	50
	■		■		■		■	
50		25		5		2	=	60
	■		■		■		■	
2		20		3		4	=	23
=	■	=	■	=	■	=	■	=
10		11		15		16	=	22 / 30

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

सा	द	गा	धि	ज	म	हे	ल	भू	प	ति	
ढें	ति	ल	क	ल्प	दों	अं	जु	जों	र्ज	ह	
क	स	या	ल	में	ला	स	था	दी	ख	क	
ध	न	रा	ज	पि	ल्ले	व	र	ल	ल	जो	
क	दी	दो	ज	क	बा	र	आ	ज	झ	पी	
जी	श्री	ना	थ	इ	इ	उ	दा	नं	प	वं	
ज	टा	ल	चुं	ग	चुं	म	र	के	द	द	
क	हि	ज	र	मे	ग	क	फ	या	ल	फु	
क	द	र	प	न	भू	स	ल	औ	प	ले	
क	र	ल	ख्वा	ज	दि	ना	धि	ओ	प	रा	
क	क	ल	प	न	या	स	ख्य	न	प	या	

शब्दजाल में 10 खिलाड़ियों के नाम ढूंढिए नाम उपर से नीचे, नीचे से उपर एवं तिरछे भी हैं.

सानिया, अंजु जॉर्ज, धनराज पिल्ले, सचिन, बाइचुंग, भूटिया, गोपीचंद फुलेला, विश्वनाथ आनंद श्रीनाथ, जहीर खान, महेश भूपति

अष्टयोग

5	3			1		
	33	2	32		28	
1		7		4		3
6	33		42		31	6
			6		5	1
7	27	3	35	5	40	
	5			6		

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

29	+	45	-	9	-	12	=	53
+	■	-	■	+	■	+	■	-
59	-	20	+	6	-	20	=	25
+	■	-	■	+	■	-	■	+
2	x	20	-	20	+	25	=	45
-	■	x	■	-	■	+	■	-
50	•	2	x	2	-	25	=	25
=	■	=	■	=	■	=	■	=
40	-	10	+	33	-	32	=	x

अष्टयोग का हल

6	3	5	7	4	1	2
1	28	3	35	5	34	7
4	5	1	3	7	2	6
7	34	6	26	2	33	3
3	6	2	4	1	7	5
5	30	4	33	6	32	1
2	1	7	6	3	5	4

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल-

मध्यम

5					9	6		
						1	4	
			2	8				
			8				5	2
6								7
1	4				3			
				4	1			
	2	5						
		3	7					4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल का हल

3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7



केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3% बढ़कर 63% हुआ

48 लाख कर्मचारियों, 68 लाख पेंशनर्स को फायदा; नई दरें 1 जुलाई, 2026 से लागू

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दिवाली से पहले केंद्र सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ता 3% बढ़ा दिया है। बुधवार 28 अक्टूबर को हुई कैबिनेट मीटिंग में ऊअ बढ़ोतरी पर फैसला हुआ। इस बढ़ोतरी से महंगाई भत्ता 60% से बढ़कर 63% हो जाएगा। इससे लगभग 48 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा। नई दरें 1 जुलाई, 2026 से लागू मानी जाएंगी। सरकार इसपर 10 हजार करोड़ रुपए खर्च करेगी।

अप्रैल में 2% बढ़ा था डीएम

इससे पहले सरकार ने अप्रैल में कर्मचारियों के डीए और पेंशनर्स के लिए ऊअमें 2 फीसदी का इजाफा किया था। उस बढ़ोतरी के साथ ऊअ की दर 60% पर पहुंच गई थी। अब 3 फीसदी की ताजा बढ़ोतरी के बाद यह आंकड़ा 63 फीसदी हो गया है। सरकार के इस फैसले से त्योहारों के सीजन में कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को सीधा आर्थिक फायदा मिलेगा और पिछले महीनों का एरियर भी खाते में आएगा।

कर्मचारियों की सैलरी पर कितना असर पड़ेगा

डीए बढ़ने से सैलरी में बढ़ोतरी बेसिक पे के आधार पर तय होती है मिनिमम बेसिक सैलरी वालों के लिए: अगर किसी कर्मचारी की बेसिक पे 18,000 है, तो 3% की बढ़ोतरी के हिसाब से हर महीने 540 का इजाफा होगा। हायर पे-स्केल वालों के लिए: अगर किसी वरिष्ठ अधिकारी की बेसिक सैलरी 56,100 है, तो उनकी मासिक सैलरी में लगभग 1,683 की सीधी बढ़ोतरी होगी।

एरियर का भुगतान: चूंकि यह फैसला जुलाई से प्रभावी है, इसलिए कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने का बकाया भी आगामी सैलरी के साथ दिया जाएगा।

साल में दो बार रिवाइज होता है भत्ता

केंद्र सरकार हर साल कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए डीए और डीआर में दो बार संशोधन करती है। पहला संशोधन आमतौर पर जनवरी से और दूसरा जुलाई से प्रभावी होता है।

सरकार ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स के आंकड़ों के आधार पर महंगाई का आकलन करती है और उसी अनुपात में भत्ते बढ़ाने का निर्णय लेती है। डीएम सरकारी कर्मचारियों के रहन-सहन के खर्च को संतुलित करने के लिए दिया जाने वाला अलाउंस है। यह कर्मचारी की बेसिक सैलरी के प्रतिशत के रूप में तय होता है। वहीं, डीएम रिटायर्ड कर्मचारियों यानी पेंशनर्स को उनकी बेसिक पेंशन पर दिया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य रोजमर्रा की चीजों के बढ़ते दामों के असर को कम करना है।

इजराइल चुनाव में 77.7% मतदान, 1999 के बाद सबसे ज्यादा

इजराइल। इजराइल में मंगलवार को संसदीय चुनाव के दौरान बंपर वोटिंग हुई है। केंद्रीय चुनाव समिति के मुताबिक, रात 10 बजे तक 77.7% मतदान हुआ। यह 1999 के बाद सबसे ज्यादा है। इजराइल में सबसे ज्यादा मतदान का रिकॉर्ड 79.9% है, जो 1988 के चुनाव में बना था। हालांकि अभी भी कई जगह वोटों की गिनती जारी है। ज्यादा मतदान को देखते हुए इस बार यह रिकॉर्ड टूटने की संभावना जताई जा रही है।

इससे पहले नेतन्याहू ने मुस्लिम महिलाओं की फोटो पोस्ट करते हुए समर्थकों से ज्यादा से ज्यादा वोट करने की अपील की। उन्होंने एक्स चैनल-14 का एक फुटेज शेयर किया। इसमें दो पोलिंग बूथ की तुलना की गई है। अरब (मुस्लिम)इलाकों में सामान्य से ज्यादा वोटिंग हो रही है, जबकि दक्षिणपंथी मतदाता कम संख्या में वोट डालने पहुंच रहे हैं। यह इमरजेंसी है, हमारे यहूदी देश का भविष्य दांव पर है। तुरंत बाहर निकलें और वोट डालें। हमें अब जागना होगा, घर पर नहीं बैठना है। इस बार नेतन्याहू के बजाय पूर्व सेना प्रमुख गादी आइजनकोट प्रधानमंत्री बनने के सबसे ज्यादा चांस है। छह में से चार ओपिनियन पोल में आइजनकोट के गठबंधन को ज्यादा सीटें दी गई हैं। वहीं नेतन्याहू के गठबंधन को एक पोल में बढ़त और एक पोल में बहुमत मिला है। इजराइल की संसद में कुल 120 सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए कम से कम 61 सीटों की जरूरत होती है। इजराइल के 76 साल के इतिहास में आज तक किसी भी राजनीतिक पार्टी ने अकेले बहुमत हासिल नहीं किया है।

अरब पार्टियां 19 सीटों पर आगे, नेतन्याहू ने इन पर वोट चोरी का आरोप लगाया

इजराइल चुनाव- नेतन्याहू और आइजनकोट दोनों बहुमत से दूर

ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव

इजराइल के चुनाव में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और विपक्षी नेता गादी आइजनकोट, दोनों बहुमत से दूर रह गए हैं। 85.6% वोटों की गिनती के बाद नेतन्याहू का गठबंधन 53 सीटों और आइजनकोट का विपक्षी गठबंधन 48 सीटों पर आगे है।

वहीं, अरब पार्टियों को कुल 19 सीटें मिलती दिख रही हैं। सरकार बनाने के लिए संसद की 120 सीटों में से कम से कम 61 सीटें जरूरी हैं। इस बीच नेतन्याहू की पार्टी लिकुड ने अरब पार्टियों पर चुनाव में वोट चोरी और धांधली करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने पुलिस, आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट और केंद्रीय चुनाव समिति से मामले की जांच करने की मांग की है। हालांकि, ये आरोप अभी साबित नहीं हुए हैं।

इजराइल के चुनाव में अरब पार्टियों को संसद की 19 सीटें मिलने का अनुमान है। ऐसे में विपक्षी नेता गादी आइजनकोट को सरकार बनाने के लिए इन पार्टियों के समर्थन की जरूरत पड़ सकती है। एक्सपर्ट लोवेनस्टीन ने अल जजीरा से बताया कि इजराइल के अरब नागरिकों ने बड़ी संख्या में मतदान किया। इजराइल में रहने वाले उनके फिलिस्तीनी लोगों को चुनाव में कोई भी विकल्प बहुत अच्छा नहीं लग रहा था, लेकिन वे नेतन्याहू की सरकार के चार और साल नहीं चाहते थे।



अब अरब पार्टियां आइजनकोट के साथ मिलकर सरकार बना सकती हैं, लेकिन यह देखना होगा कि आइजेनकोट और उनके सहयोगी अरब पार्टियों को साथ लेने के लिए तैयार होते हैं या नहीं। आइजेनकोट अब तक अरब पार्टियों के साथ सरकार बनाने से इनकार करते रहे हैं।

लोवेनस्टीन ने कहा कि ऐसा गठबंधन बनना संभव है, लेकिन उसके लंबे समय तक टिके रहने की संभावना देखना मुश्किल है।

27 अक्टूबर को चुनाव के दौरान, रामबम अस्पताल के एक पोलिंग स्टेशन पर व्हीलचेयर पर बैठे एक मरीज ने अपना वोट डाला। इजराइल में अरब पार्टियों के गठबंधन जॉइंट लिस्ट ने चुनाव में धांधली के आरोपों को खारिज किया है। गठबंधन के नेता अहमद तिबी ने लिकुड पार्टी के आरोपों को हारने वालों की बयानबाजी बताया। अल जजीरा से बातचीत में तिबी ने कहा कि चुनाव में कोई गड़बड़ी नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि इजराइल में कुछ लोग अरब पार्टियों को मिले वोटों की वैधता पर सवाल उठाने की कोशिश कर रहे हैं। शुरूआती नतीजों के मुताबिक, जॉइंट लिस्ट को इजराइली संसद (नेसेट) में 12 सीटें मिलने की संभावना है। तिबी ने इसे बड़ी जीत बताया।

इजराइल में सरकार बनाने के लिए चुने गए नेता को शुरूआत में 28 दिन का समय मिलता है। जरूरत पड़ने पर राष्ट्रपति इसे 14 दिन और बढ़ा सकते हैं। यानी सरकार बनाने के लिए कुल 42 दिन मिल सकते हैं। इस दौरान नेता को दूसरी पार्टियों से बातचीत कर समर्थन जुटाना होता है। इसके लिए पार्टियों के बीच नीतियों और मंत्रिपदों को लेकर समझौते हो सकते हैं।

इस बार राष्ट्रपति के सामने क्या चुनौती है?

बुधवार को आए शुरूआती एग्जिट पोल में नेतन्याहू गठबंधन और विपक्षी गठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला दिखा। हालांकि, शुरूआती नतीजों में नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को सबसे ज्यादा वोट मिलते दिख रहे हैं। ऐसे में नेतन्याहू दावा कर सकते हैं कि सरकार बनाने का पहला मौका उन्हें मिलना चाहिए।

हालांकि चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें हासिल करना ही प्रधानमंत्री बनने के लिए काफी नहीं है। राष्ट्रपति को यह देखना होगा कि कौन-सा नेता अलग-अलग पार्टियों का समर्थन जुटाकर संसद में बहुमत साबित कर सकता है। नेतन्याहू की पार्टी लिकुड ने अरब पार्टियों पर चुनाव में धांधली करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने पुलिस और सुरक्षा एजेंसी शिन बेट से जांच की मांग की है।

ट्रेनों की एवरेज स्पीड 200 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा

स्पेन में हाई स्पीड ट्रेनें टकराईं, 39 लोगों की मौत: कई डिब्बे मलबे में बदले

ब्रह्मास्त्र ›› मैड्रिड

स्पेन के टोलेडो प्रांत में बुधवार को दो हाई स्पीड ट्रेनें टकरा गईं। डीडी न्यूज के मुताबिक, हादसे में 39 लोगों की मौत हो गई है। हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। मौके पर इमरजेंसी और मेडिकल टीमें पहुंची हैं। स्पेनिश रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसा स्थानीय समयानुसार सुबह 9 बजे टोलेडो के सेविला में मोरा और ओरगाज कस्बों के बीच हुआ। एक ट्रेन ने दूसरी को पीछे से टक्कर मारी। कई डिब्बे मलबे में बदल गए हैं। हादसे के बाद राजधानी मैड्रिड को स्पेन के दक्षिणी अंदालूसिया क्षेत्र से जोड़ने वाली रेल लाइन बंद कर दी गई।

टक्कर स्पेन की सरकारी ट्रेन Renffe और प्राइवेट ट्रेन Iryo के बीच हुई। इनकी औसत रफ्तार 200 किमी/घंटे से ज्यादा होती है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेद्रो सांचेज ने कहा कि इस हादसे की खबर सुनकर वे सदमे में हैं। राहत और बचाव दल मौके पर मौजूद हैं और हादसे में प्रभावित लोगों की मदद कर रहे हैं।



टोलेडो के पास उर्दा शहर के मेयर मैनुअल गालान ने बताया कि बचाव दल ने उनसे घायलों के इलाज और देखभाल के लिए एक स्पोर्ट्स हॉल तैयार रखने को कहा है। यह साफ नहीं है कि हादसा किस वजह से हुआ। जांच की जाएगी कि ट्रेन समय पर क्यों नहीं रुकी। क्या सिग्नल सिस्टम में खराबी थी या ड्राइवर ब्रेक लगाने में चूक गया, इसकी भी जांच होगी। जांच में यह भी देखा जाएगा कि टक्कर से पहले ये सिस्टम काम कर रहे थे या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक, रेनफे ट्रेन का ड्राइवर अभी लापता है। ट्रेन ड्राइवरों के संगठनों ने हादसे को असामान्य बताया है। राजधानी मैड्रिड को जोड़ने वाली ट्रेन सर्विस बंद होने की वजह से यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। ट्रेन हादसे के बाद कई ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। इसके बाद रेलवे स्टेशन पर लोग मोबाइल फोन पर ट्रेन स्टेटस चेक करते नजर आए।

पायलट मच्छर को यूएई का सम्मान

राष्ट्रपति ने गले लगाया, दुबई प्रिंस बोले- वे हमारी पहचान हैं

प्लेन क्रैश कराने की कोशिश नाकाम की थी

ब्रह्मास्त्र ›› अबू धाबी

यूएई ने फ्लाईदुबई की फ्लाइट को क्रैश से बचाने वाले भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छर को 'जायद II- फर्स्ट क्लास' से सम्मानित किया। इस दौरान वअए के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मच्छर को गले लगाया। दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने स्मित को अपने देश की पहचान बताया। जायद-क्क वअए के सबसे बड़े सम्मानों में से एक है।

फ्लाईदुबई फ्लाइट के पायलट मच्छर ने 30 सितंबर को प्लेन क्रैश कराने की कोशिश नाकाम कर दी थी। यह प्लेन दुबई से तेल अवीव जा रही था। इस दौरान को-पायलट ने उन पर हमला कर दिया था। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान कैप्टन मच्छर को गले लगाते हुए।

राष्ट्रपति बिन जायद ने फ्लाइट के क्रू के सदस्यों को भी सम्मानित किया। इस दौरान वअए के उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम भी मौजूद थे। यूएई के नेताओं ने कैप्टन मच्छर और क्रू के सदस्यों की हिम्मत और जिम्मेदारी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुश्किल हालात में भी क्रू ने यात्रियों की सुरक्षा को सबसे ज्यादा महत्व दिया।



दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, कैप्टन स्मित मच्छर ने हिम्मत, जिम्मेदारी और इंसानी जान की परवाह करने की मिसाल पेश की। हमें गर्व है कि वे हमारी टीम का हिस्सा हैं, हमारे देश की कहानी का हिस्सा हैं और वअए की पहचान का हिस्सा हैं। कैप्टन मच्छर जब चोटों का इलाज करा रहे थे, तब दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान उनसे मिलने पहुंचे थे। उन्होंने कैप्टन की हिम्मत और लोगों की जान बचाने के प्रयासों की तारीफ की थी।

सर्बिया में इजराइली दूतावास के बाहर पुलिसकर्मी पर हमला

नाबालिग चाकू लेकर पहुंचा, अल्लाहु अकबर का नारा लगाकर अटैक किया; पुलिस ने मार गिराया

ब्रह्मास्त्र ›› बेलग्रेड

सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में बुधवार को इजराइली दूतावास के बाहर एक नाबालिग ने दो चाकू लेकर पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। उसने अल्लाहु अकबर का नारा लगाया। जवाब में पुलिसकर्मी ने गोली चलाई, जिससे हमलावर की मौत हो गई। घटना के बाद सर्बिया में सुरक्षा का स्तर बढ़ाकर रेड कर दिया गया, जो देश में खतरे का सबसे ऊंचा स्तर है।

सर्बिया के कार्यवाहक गृह मंत्री इविका डाचिच ने बताया कि हमले में पुलिसकर्मी के सिर पर मामूली चोट आई है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद अहम जगहों पर पुलिस की तैनाती बढ़ाई जाएगी। सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही हमलावर पर नजर रख रही थीं। उस पर आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट का समर्थक होने का शक था। आरोप है कि उसने



अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर क्क्क का काला झंडा भी दिखाया था। अधिकारियों ने इस घटना की जांच आतंकी हमले के तौर पर शुरू की है। गृह मंत्री के मुताबिक, हमलावर नाबालिग था और उसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है।

बेलग्रेड में इजराइली दूतावास के बाहर सुरक्षा कर्मियों पर हमले की यह दो साल में दूसरी घटना है। इससे पहले जून 2024 में एक हमलावर ने क्रॉसबो यानी तीर चलाने वाले हथियार से सर्बियाई पुलिस अधिकारी की गर्दन पर हमला किया था। इजराइल का दूतावास बेलग्रेड के एक महंगे इलाके में स्थित है। इसके पास ही अमेरिकी दूतावास भी है। इजराइली दूतावास की सुरक्षा के लिए पुलिस की एक विशेष यूनिट तैनात रहती है। इसके जवानों के पास ऑटोमैटिक हथियार होते हैं।

सर्बिया में चुनाव के बाद अभी नई सरकार नहीं बनी

सर्बिया में रविवार को संसदीय चुनाव हुए थे। करीब दो साल से चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बाद युवाओं के नेतृत्व वाले आंदोलन ने पूर्व राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुचिच के खेमे को हरा दिया। हालांकि, अभी नई सरकार नहीं बनी है। ऐसे में वुचिच और उनके सहयोगियों का पुलिस पर नियंत्रण बना हुआ है।

चक्रवाती तूफान अर्नब से ओडिशा में तबाही, 5 की मौत



ब्रह्मास्त्र ›› ओडिशा

बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान अर्नब का असर आज देशभर में देखने को मिलेगा। राजस्थान, एमपी, यूपी और बिहार समेत 11 राज्यों में गुरुवार को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दरअसल, अर्नब मंगलवार देर रात 3:30 बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया था। यहां 125 से 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के साथ भारी बारिश हुई। आंध्र प्रदेश में 5 मौतें हुई हैं। राज्य में 57 हजार लोगों को शिफ्ट किया गया है। वहीं, ओडिशा में भारी बारिश के चलते 16 जिलों में स्कूल बंद हैं। यहां 30 हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है।

कहा- भारत को खतरा लगा तो नतीजा भुगतना पड़ेगा; मुइज्जू ने पाकिस्तान से 20 समझौते किए

पाकिस्तान के करीब जा रहे मालदीव राष्ट्रपति, विपक्ष ने चेताया

ब्रह्मास्त्र ›› माले

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पाकिस्तान से बढ़ते रिश्तों पर देश में विरोध शुरू हो गया है। मुइज्जू 20 से 22 अक्टूबर तक पाकिस्तान के दौरे पर थे। इस दौरान दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार, रक्षा और समुद्री सुरक्षा समेत 20 समझौते हुए। इसे लेकर पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने चेतावनी दी है कि अगर भारत को अपनी सुरक्षा पर खतरा लगा, तो मालदीव को इसके गंभीर नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं।


मालदीव के विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने 25 अक्टूबर को अड्डू सिटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुइज्जू के पाकिस्तान दौरे की आलोचना की। नशीद ने आरोप लगाया कि मुइज्जू ने भारत-पाकिस्तान के लंबे समय से चले आ रहे तनाव को नजरअंदाज किया और मालदीव को दोनों देशों के विवाद के बीच ला खड़ा किया।



न्यूज आउटलेट सन ऑनलाइन के मुताबिक उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में छोटे देशों, खासकर मालदीव के लिए खतरे ज्यादा होते हैं लेकिन राष्ट्रपति ने इन जोखिमों पर ध्यान नहीं दिया। पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने भी दौरे की आलोचना की। शाहिद ने आरोप लगाया कि मुइज्जू फिर से भारत विरोधी अभियान शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने 2023 में भी इसी तरह की राजनीति की थी।

मुइज्जू का यह दौरा 11 साल में किसी मालदीवी राष्ट्रपति की पहली पाकिस्तान यात्रा थी। दोनों देशों ने अगले दो साल में आपसी व्यापार को करीब 1.3 करोड़ डॉलर से बढ़ाकर 20 करोड़ डॉलर करने पर भी सहमति जताई है।

इस दौरान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जम्मू-कश्मीर और सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान का पक्ष रखा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद अप्रैल 2025 में भारत ने सिंधु जल संधि स्थगित कर दी थी। पाकिस्तान ने भारत के इस फैसले का विरोध किया है।



मुइज्जू ने दौरे के दौरान कश्मीर या सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान के पक्ष का सार्वजनिक रूप से समर्थन नहीं किया। लेकिन उनकी मौजूदगी में हुई यह बातें अब सवालों के घेरे में हैं। मुइज्जू के पाकिस्तान दौरे पर भारत ने भी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 24 अक्टूबर को कहा कि भारत दोनों देशों के बीच हुए समझौतों पर करीब से नजर रख रहा है। भारत के लिए मालदीव रणनीतिक रूप से अहम है। यह देश हिंद महासागर के उन समुद्री रास्तों के करीब है, जहां से अंतरराष्ट्रीय व्यापार होता है। ऐसे में वहां रक्षा और समुद्री सुरक्षा से जुड़े बदलाव भारत के लिए भी मायने रखते हैं।

पर्यटन पर असर: मालदीव की अर्थव्यवस्था काफी हद तक पर्यटन पर निर्भर है। 2023 में 2.09 लाख से ज्यादा भारतीय पर्यटक मालदीव पहुंचे थे। 2025 में यह संख्या करीब 1.32 लाख रही।

■ वर्ष-12 अंक-355 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

ये वदन्तीह सत्यानि प्राणत्यागेऽप्युपस्थिते।
प्रमाणभूता भूतानां दुर्गाण्यतितरन्ति ते॥

भावार्थ : प्राणत्याग की परिस्थिति में भी जो सत्य बोलता है, वह प्राणियों में प्रमाणभूत है। वह संकट पार कर जाता है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 29 अक्टूबर, 2026

**अग्निना सिच्यमानोऽपि वृक्षो वृद्धिं न चाप्नुयात्।
तथा सत्यं विना धर्मः पुष्टिं नायाति कर्हिचित्॥**

भावार्थ : अग्नि से सींचे हुए वृक्ष की वृद्धि नहीं होती, जैसे सत्य के बिना धर्म पुष्ट नहीं होता।

सम्पादकीयम्

उद्याने उपविष्टः

उद्याने उपविष्टः अपराधिनः आमन्त्रणं न भवति। तथापि अत्र बालिकानां कृते एतत् एव पाठ्यते यत् अन्धकारात् पूर्वं गृहं आगच्छतु। एकान्ते बहिः मा गच्छतु। निर्जनमार्गान् परिहरन्तु। उद्यानेषु मा उपविशन्तु। बहु विलम्बेन बहिः मा तिष्ठन्तु। भवन्तः किं धारयन्ति इति पश्यन्तु। स्वस्य दूरभाषं स्वस्य समीपे एव स्थापयतु। स्वस्थानं साझां कुर्वन्तु। कैब-याने आरुह्य एव कस्यचित् आह्वानं कुर्वन्तु। गमनात् पूर्वं कस्यचित् सूचनां ददातु। मरिचस्प्रे वहन्तु। जूडो वा कराटे वा शिक्षन्तु। यदि च अपराधः अद्यापि भवति तर्हि सज्जः प्रश्नः अस्ति यत् सा पर्याप्तं सावधानतां न कृतवती स्यात् इति। किमर्थं सम्भाव्य अपराधिनः कदापि न कथ्यते यत्- स्त्रियं मा बाधतु? तां न स्तब्धं कुरु? तस्याः 'न' इति 'न' इति स्वीकुरुत? तस्याः उपस्थितिः भवतः यौनकामानां तृप्त्यर्थं अनुज्ञापत्रं न पश्यतु सम्भवतः यतोहि बालिकायाः नियन्त्रणं सुलभं भवति, यदा तु अपराधिनं नियन्त्रयितुं पुलिस, नियमः, निगरानीयता, न्यायः, उत्तरदायित्वं च आवश्यकम्। यदि भवन्तः तां केवलं गृहे एव निरुद्धं कुर्वन्ति तर्हि प्रश्नाः निवर्तन्ते। एतत् पीडित-दोषस्य सर्वाधिकं सुलभं रूपम् अस्ति। यथार्थतः एषः एव मशकजालम् इति उपायः यत् यदि गृहे मशकाः सन्ति तर्हि भवन्तः जालस्य अधः निद्रां कुर्वन्ति। परन्तु सर्वं दिवसं मशकजालस्य अन्तः कोऽपि जीवितुं शक्नोति वा? अन्ते भवन्तः तस्मात् बहिः गन्तुं अर्हन्ति। एकदा च भवन्तः बहिः गच्छन्ति...द्वयोः कार्ययोः एकं कर्तव्यं यत् मशकदंशस्य अभ्यस्तः भवेत्, अथवा मशकानां निराकरणं कृत्वा प्रजननं निवारयितव्यम्।

अमितशाहः दावान् करोति यत् एनडीए २०२७ तमे वर्षे

पञ्जाबदेशे सर्वकारं निर्मास्यति; अकालीदलेन सह सम्भाव्यगठबन्धनस्य विषये अनुमानं वर्धते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

२०२७ तमे वर्षे विधानसभानिर्वाचनात् पूर्वं पञ्जाबदेशे राजनैतिकक्रियाकलापः तीव्रः अभवत्। केन्द्रीयगृहमन्त्री अमितशाहः दावान् अकरोत् यत् आगामिविधानसभानिर्वाचनानन्तरं राष्ट्रियलोकतान्त्रिकगठबन्धनः राज्ये सर्वकारं निर्मास्यति। तस्य वक्तव्येन भारतीयजनतापक्षस्य शिरोमणि अकालीदलस्य च नूतनगठबन्धनस्य सम्भावनायाः विषये चर्चाः उत्पन्नाः सन्ति।

दिल्लीनगरे एकस्मिन् कार्यक्रमे वदन् अमितशाहः पञ्जाबनगरे आम आदमीपक्षस्य सर्वकारं लक्ष्यं कृत्वा राज्यस्य जनाः वर्तमानप्रशासनस्य कार्यप्रदर्शनेन असन्तुष्टाः इति उक्तवान्। सः पञ्जाबदेशे सत्तापरिवर्तनं भविष्यति इति प्रतिपादितवान्, एनडीए-सङ्घः सर्वकारस्य निमार्णं कर्तुं निश्चितः अस्ति।

पञ्जाबदेशे मादकद्रव्यव्यापारस्य उन्मूलनस्य प्रतिज्ञा पञ्जाबदेशे मादकद्रव्यस्य आतङ्कस्य विषये अपि गृहमन्त्री महत्त्वपूर्णं वक्तव्यं दत्तवान्। सः घोषितवान् यत् केन्द्रसर्वकारस्य लक्ष्यं २०२९ तमवर्षपर्यन्तं राज्ये मादकद्रव्यव्यापारस्य उन्मूलनं भवति। राज्ये आम आदमीपक्षस्य कार्यकाले मादकद्रव्यव्यापारः प्रफुल्लितः इति शाहः आरोपितवान्। दिल्लीनगरस्य पूर्वमुख्यमन्त्री अरविन्दकेजरीवालं पञ्जाबसर्वकारं च लक्ष्यं कृत्वा शाहः टिप्पणीं कृतवान् यत् केवलं राजनैतिकवाक्पटुतायाः माध्यमेन समस्यानां समाधानं कर्तुं न शक्यते; सर्वकारेण मूर्तपरिणामानां प्रदर्शनं करणीयम्। सः दावान् अकरोत् यत् पञ्जाबदेशे आगामिषु विधानसभानिर्वाचने आम आदमीपक्षस्य महती राजनैतिकविघ्नः भवितुम् अर्हति।

अमितशाहः पञ्जाब-नगरस्य भ्रमणकाले प्रभावितपरिवारैः सह मिलितवान् अन्तिमेषु मासेषु



अमितशाहः पञ्जाब-नगरं गत्वा मादकद्रव्यविरुद्ध-अभियानस्य प्रति स्वस्य प्रतिबद्धतां बोधयति। अन्तिमे भ्रमणकाले सः गुरदासपुर-सङ्गरुर-मानसा-नगरेषु मादकद्रव्य-धमकी-विरुद्धं वचनं कृत्वा प्रियजनानाम् अङ्गीकारं कृतवन्तः परिवारैः सह मिलितवान् अस्मिन् अवसरे सः प्रभावितपरिवारेभ्यः आश्वासनं दत्तवान् यत् मादकद्रव्यव्यापारे सम्बद्धानां विरुद्धं कठोरकार्याणि क्रियन्ते इति। मादकद्रव्यस्य त्रासस्य विरुद्धं स्वरं उत्थापयन्तः जनाः भयभीताः वा मौनं कर्तुं वा यत्किमपि प्रयत्नः क्रियते तत् न सह्यते इति अपि सः अवदत्।

किं भाजपा-अकालीदलयोः गठबन्धनं पुनः सजीवं भवितुम् अर्हति? अमितशाहस्य वक्तव्यस्य अनन्तरं भाजपायाः शिरोमणि अकालीदलस्य च सम्भाव्यगठबन्धनस्य विषये राजनैतिकचर्चा तीव्रताम् अवाप्तवन्तः। पञ्जाबराजनीत्यां दीर्घकालीनमित्रद्वयम् आसीत्। परन्तु शाहस्य वक्तव्यं अस्मिन् स्तरे द्वयोः पक्षयोः गठबन्धनस्य औपचारिकघोषणा इति न गणयितुं शक्यते। कृषिकायदानानां विवादस्य अनन्तरं २०२० तमे वर्षे भाजपा-अकालीदलयोः गठबन्धनं भग्नम् अभवत्। तस्मिन् समये शिरोमणि अकालीदलेन एतेषां नियमानाम् विरोधे एनडीए-पक्षतः निवृत्तेः निर्णयः कृतः। तदनन्तरं २०२२ तमस्य वर्षस्य पञ्जाबविधानसभानिर्वाचने द्वयोः दलयोः पृथक् पृथक् प्रतिस्पर्धा अभवत्।

२०२२ तमे वर्षे निर्वाचने आपः विशालबहुमतं प्राप्तवान्। २०२२ तमे वर्षे पञ्जाबविधानसभानिर्वाचने आम आदमीपक्षः प्रभावशालिनीं प्रदर्शनं कृत्वा ११७ मध्ये ९२ सीटानि जित्वा राज्ये सर्वकारस्य निमार्णं कृतवान् एतस्मिन् समये शिरोमणि अकालीदलः त्रीणि आसनानि प्राप्तवान्, भाजपा केवलं द्वौ आसनौ न्यूनीकृता। अधुना २०२७ तमस्य वर्षस्य विधानसभानिर्वाचनात् पूर्वं पञ्जाबदेशे सर्वकारस्य निर्माणविषये भाजपायाः प्रतिपादनं-अकालीदलेन सह सम्भाव्यगठबन्धनस्य विषये चर्चाभिः सह-राज्यस्य राजनीतिषु महत्त्वपूर्णः विषयः इति उद्भवितुं शक्नोति। परन्तु द्वयोः पक्षयोः गठबन्धनस्य विषये अन्तिमचित्रं आगामिकाले एव स्पष्टं भविष्यति।

पत्रकाराः सुनिश्चितं

कुर्वन्तु यत् तेषां घटनानां प्रतिवेदनं समीचीनं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

वार्ताप्रसारणे तथ्यानां आरोपानाञ्च स्पष्टं भेदं स्थापयन्तु। प्रेस काउन्सिलेन नैतिकं उत्तरदायी च प्रतिवेदनं कर्तुं अनेकाः प्रमुखाः निदेर्शाः अपि जारीकृताः सन्ति। पत्रकाराः सुनिश्चितं कुर्वन्तु यत् तेषां घटनानां प्रतिवेदनं समीचीनं, वस्तुनिष्ठं, निष्पक्षं च भवति। सत्यापिततथ्यानि, आरोपाः, मतं, असमर्थितदावानि च स्पष्टतया भेदं कर्तुं अत्यावश्यकम्। पत्रकारितायां सटीकतायां निष्पक्षतायाः च स्थापितानां मानकानां पालने अपि बलं दत्तं भवति। मार्गदर्शिकानुसारं यदा सम्भवं तदा एकादशाधिकस्रोतानां माध्यमेन सूचनानां सत्यापनम् करणीयम्। प्रत्यक्षदर्शिना सह वातालापं कुर्वन्तः पत्रकाराः व्यक्तिस्य सूचनायाः आधारं, ते आयोजनस्य कियत् समीपे आसन्, तेषां विवरणस्य समग्रविश्वसनीयतां च अवगन्तुं प्रयतन्ते सम्भाव्यपक्षपातः अपि विचारणीयाः। आन्दोलनकारिणां, आयोजकानाम्, पुलिस-सरकारी-अधिकारिणां च वक्तव्यानां समान-कठोरतापूर्वकं परीक्षणं करणीयम् इति सल्लाहः दत्तः। पक्षस्य दावानां सत्यापनं विना स्थापिततथ्यरूपेण प्रस्तुतीकरणस्य स्थाने स्रोतस्य स्पष्टतया उद्धृतिः, यत्र सम्भवं तत्र स्वतन्त्रपुष्टिः च अत्यावश्यकी भवति एषः निर्देशः विशेषतया तेषु परिस्थितिषु महत्त्वपूर्णः भवति यत्र दृश्यात् परस्परविरोधिनः दावाः।

एतस्य सुविधायै कायार्णां वितरणं निरीक्षणं च विभागवारसमित्याः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

वित्तीयप्रस्तावानां तथा निर्धारितसेवाशुल्कशतानाम् समीक्षां कृत्वा १५ एजेन्सीनां शॉर्टलिस्ट् कर्तुं प्रक्रिया अनुमोदिता। नगरनिगमस्य अनुसारं नवम्बरमासस्य प्रथमदिनात् आरभ्य नूतना स्वच्छताव्यवस्था कार्यान्वितुं निश्चिता अस्ति। एतस्य सुविधायै कायार्णां वितरणं निरीक्षणं च विभागवारसमित्याः माध्यमेन प्रबन्धितं भविष्यति। सिविल लाइन्स् इत्यस्मिन् 'इलाहाबाद चौक' इत्यस्य नाम 'विक्षितभारत संकल्प सेवाचौक', 'कैरवसचौक' इत्यस्य नाम 'ईश्वरदास रोहनीचौक' इति प्रस्तावान् अपि सभायां अनुमोदिताः। अपि च, पट्टे-सम्बद्धानां प्रकरणानाम् निराकरणस्य, पटाखाव्यापारिणां सुविधानां प्रावधानस्य च विषये निर्णयाः कृताः।

राशिफल

मेष : नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आर्थिक रूप से उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। माता-पिता का साथ मिलेगा।

वृषभ : तरक्की के योग बन रहे हैं। लेकिन स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। व्यावसायिक सफलता मिलने के योग हैं।

मिथुन : धैर्यशीलता बनाए रखें। किसी संपत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। मित्रों का सहयोग भी मिलेगा।

कर्क : बौद्धिक कार्यों से आय वृद्धि के योग। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद हो सकती है। क्रोध से बचें।

सिंह : सेहत का ध्यान रखें। अज्ञात भय सताएगा। नौकरी में उतार-चढ़ाव का सामना कर सकते हैं।

कन्या : माता का साथ मिलेगा। कारोबारियों को व्यापार में विस्तार के अवसर मिलेंगे। हालांकि भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

तुला : पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। मित्रों का साथ मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

वृश्चिक : कारोबार में बदलाव हो सकता है। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा। बेकार के खर्चों पर कंट्रोल रखें।

धनु : कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। रिलेशनशिप की दिक्कतों को धैर्य और समझदारी से सुलझाएं।

मकर : आत्मविश्वास में कमी भी हो सकती है। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है।

कुंभ : नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। कार्यस्थल पर टास्क को समय पूरा करने के लिए फोकस बनाए रखें।

मीन : अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।अपनों का साथ मिलेगा। यात्रा लाभकारी रहेगी।

आरसीबी की टीम सबसे बैलेंस, मुंबई के मिडिल ऑर्डर में दम, 5 टीमों की स्ट्रेंथ-वीकनेस

विमेंस प्रीमियर लीग ऑक्शन में यूपी ने 6 ऑलराउंडर खरीदे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विमेंस प्रीमियर लीग 2027 ऑक्शन में पांचों टीमों ने अपनी जरूरत के हिसाब से स्क्वॉड में बदलाव किए। यूपी वॉरियर्ज ने 6 ऑलराउंडर्स पर भरोसा जताया, फ्ड्ड ने अपने चैंपियन कोर को मजबूत किया, जबकि मुंबई इंडियंस ने भारतीय खिलाड़ियों की बेंच स्ट्रेंथ बढ़ाई। हालांकि, ऑक्शन में खिलाड़ियों को खरीदना सिर्फ पहला कदम है। टीमों के लिए असली चुनौती नए और पुराने खिलाड़ियों के बीच तालमेल बनाने, सही कॉम्बिनेशन चुनने और मैदान पर अपनी कमजोरियों को दूर करने की होगी।

ऑक्शन से पहले पांचों टीमों के पास कुल 27 स्लॉट खाली थे। इनमें 25 खिलाड़ियों को खरीदा गया। आरसीबी और दिल्ली के पास एक-एक स्लॉट खाली रह गया, लेकिन दोनों के पर्स में सिर्फ 5-5 लाख बचे हैं। खिलाड़ियों की न्यूनतम बेस प्राइस ?10 लाख होने के कारण वे इस रकम से नया खिलाड़ी नहीं खरीद सकतीं।

यूपी वॉरियर्ज: मोलिन्यू सबसे महंगी खरीद, राणा और आशा को 30-30 लाख में लिया- 2026 सीजन के पॉइंट्स टेबल में आखिरी स्थान पर रही यूपी वॉरियर्ज ने सोफी मोलिन्यू पर 1.10 करोड़ खर्च किए। सोफी ने ऑस्ट्रेलिया को टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जिताया था। उनके अलावा टीम ने ग्रेस हैरिस, स्नेह राणा, आशा शोभना और सुषमा वर्मा को 30-30 लाख में शामिल किया।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु: चैंपियन कोर मजबूत, नए बल्लेबाजों पर नजर

डिफेंडिंग चैंपियन आरसीबी ने ऑक्शन में जेस जोनासन को 40 लाख, तेजल हसबनिस और क्लो ट्रायन को 30-30 लाख और वृंदा दिनेश को 10 लाख में खरीदा। **स्ट्रेंथ:** स्मृति मंधाना, एलिस पेरी, जॉर्जिया वोल और ऋचा घोष की मौजूदगी बल्लेबाजी को मजबूती देती है। गेंदबाजी में लॉरेन बेल, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, पूजा वस्त्राकर और अरुंधति रेड्डी विकल्प हैं। **वीकनेस:** मिडिल ऑर्डर में तेजल हसबनिस और वृंदा दिनेश को अपनी भूमिका साबित करनी होगी। शुरूआती विकेट गिरने पर पारी संभालना और आखिरी ओवरों में रन गति बढ़ाना अहम होगा।

स्ट्रेंथ: मेग लैनिंग, फीबी लिचफील्ड, हरलीन देओल और प्रतीका रावल जैसे बल्लेबाजों से मजबूत टॉप ऑर्डर मिला है। दीप्ति शर्मा और स्नेह राणा जैसे ऑलराउंडर्स बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी योगदान दे सकते हैं।

दिल्ली कैपिटल्स: किरण नवगिरे से आक्रामकता की उम्मीद- दिल्ली कैपिटल्स ने ऑक्शन में किरण नवगिरे को 75 लाख में खरीदा। वह सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रहीं। टीम ने उमा काशवी, स्कॉटलैंड की कर्स्टी गॉर्डन और नाजमा खान को भी 10-10 लाख में शामिल किया।

स्ट्रेंथ: शेफाली वर्मा, लौरा वोल्वार्ट और जेमिमा रोड्रिग्स से टॉप ऑर्डर को स्थिरता और तेजी मिलती है। किरण नवगिरे के आने से बल्लेबाजी में एक और आक्रामक विकल्प जुड़ा है। मारिजाने कैप, एनाबेल सदरलैंड और चिनेल हेनरी बल्ले तथा गेंद, दोनों से योगदान दे सकती हैं।

गुजरात जायंट्स: तीन खिलाड़ियों पर 80 लाख खर्च कर स्क्वॉड पूरा किया- गुजरात जायंट्स ने ऑक्शन में जी कमालिनी को 40 लाख, आयरलैंड की ऑलराउंडर ऑर्ला प्रेंडरगास्ट को 30 लाख और 16 साल की समायरा राघव को 10 लाख में खरीदा। टीम ने कुल 80 लाख खर्च किए।

स्ट्रेंथ: बेथ मूनी, एश्ले गार्डनर और सोफी डिवाइन जैसे अनुभवी विदेशी खिलाड़ी बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों करती हैं। मूनी विकेटकीपिंग का विकल्प भी देती हैं, जबकि जॉर्जिया वेयरहैम स्पिन और बल्लेबाजी में उपयोगी हैं। भारतीय गेंदबाजी में रेणुका सिंह ठाकुर, काश्वी गौतम, राजेश्वरी गायकवाड़ और तनुजा कंवर से अलग-अलग परिस्थितियों में मदद मिलेगी।

मुंबई इंडियंस: मजबूत विदेशी कोर, भारतीय बल्लेबाजी की परीक्षा- मुंबई इंडियंस ने ऑक्शन में 6 भारतीय खिलाड़ियों को खरीदा। श्वेता सहरावत को 20 लाख, जबकि दिशा कासट, लतिका इनामदार, भारती रावल, सानिका चालके और अक्षिता भगत को 10-10 लाख में शामिल किया।

ज्योतिष/वास्तु

6 नवंबर तक इन राशि वालों का भाग्य रहेगा मजबूत

नौकरी-निवेश और व्यापार में मिलेंगे शानदार परिणाम



ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, तुला राशि में बन रहे त्रिग्रही योग का शुभ प्रभाव 6 नवंबर तक रहेगा। इस दौरान कुछ राशि वालों के आत्मविश्वास में वृद्धि होने, कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलने और आर्थिक मामलों में सुधार के संकेत मिल सकते हैं।

ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों की युति और उनकी आपसी मित्रता को विशेष महत्व दिया जाता है। मान्यता है कि जब मित्र ग्रह एक साथ आते हैं, तो उनकी शुभ स्थिति का प्रभाव जातकों के जीवन के विभिन्न क्षेत्रों पर देखने को मिल सकता है। साथ ही इसका खास असर जातकों को करियर-कारोबार में सफलता प्राप्त करने के अवसर प्रदान करता है। वर्तमान में यह स्थिति तुला राशि में बनी हुई है, जहां सूर्य, बुध और शुक्र विराजमान है।

ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 17 अक्टूबर से सूर्य तुला राशि में है, जिसके बाद से त्रिग्रही योग का निर्माण हो रहा है। यह 6 नवंबर 2026 तक रहेगा। ऐसे में इन तीनों ग्रहों की युति का प्रभाव कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से अनुकूल रह सकता है। खासतौर पर नौकरीपेशा लोगों को करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिल सकते हैं, जबकि बिजनेस करने वालों को नई योजनाओं से लाभ मिलने की संभावनाएं बन सकती हैं। ऐसे में किन राशियों को इससे लाभ होगा, आइए जानते हैं।

सिंह राशि- सिंह राशि वालों के लिए यह समय अनुकूल रह सकता है। आपको करियर के क्षेत्र में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। नौकरी की तलाश कर रहे जातकों को कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना है। इसके अलावा प्रेम विवाह की इच्छा पूरी होगी। इस दौरान निवेश के लिए आपको कई बड़े अवसर हाथ लग सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। यह समय आपके लिए बदलाव लेकर आने वाला साबित होगा।

तुला राशि- तुला राशि वालों के लिए यह समय विशेष रह सकता है, क्योंकि सूर्य, बुध और शुक्र की युति आपकी ही राशि में बन रही है। ऐसे में आपके व्यक्तित्व में निखार आने की संभावनाएं हैं। सभी क्षेत्रों में आपका सम्मान बढ़ने की संभावनाएं हैं। व्यापार करने वालों को नए संपर्कों के माध्यम से लाभ कमाने के मौके मिल सकते हैं। इसके अलावा पारिवारिक जीवन में भी तालमेल बेहतर रहने की उम्मीद है।

मकर राशि- मकर राशि वालों के लिए भी यह अवधि कई मामलों में सकारात्मक रह सकती है। सभी लोगों से आपका संपर्क शानदार रहेगा। नौकरी में नई संभावनाएं बन सकती हैं। आर्थिक मामलों में भी सुधार के संकेत मिल सकते हैं। आपको परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलेगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। वहीं, कोई बड़ी सफलता बिजनेस में आपको हासिल होगी। कोई बड़ी खुशखबरी मिलने की संभावनाएं हैं।

अभिषेक शर्मा बने नंबर-1 टी20 बल्लेबाज

आईसीसी रैंकिंग में ईशान किशन पहले से तीसरे पर आए, पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान दूसरे नंबर पर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे मैच में शतक जमाने वाले भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा ताजा आईसीसी रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 टी-20 बल्लेबाज बन गए हैं। पिछले सप्ताह तक टॉप पर रहे ईशान किशन दो स्थान फिसल कर तीसरे नंबर पर आ गए हैं।

चार भारतीय बल्लेबाज टॉप-10 में शामिल हैं। गेंदबाजों और ऑलराउंडर्स की टॉप-10 लिस्ट में कोई भारतीय खिलाड़ी नहीं है। अफगानिस्तान के राशिद खान नंबर-1 गेंदबाज और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा नंबर-1 ऑलराउंडर हैं।

साहिबजादा को ईशान के चोटिल होने का फायदा मिला- पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान ने 13 अक्टूबर के बाद से कोई मैच नहीं खेला, उन्हें ईशान किशन के इंजर्ड होने का फायदा मिला। ईशान न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा और तीसरा टी-20 नहीं खेल सके, जिसके चलते उनकी रैंकिंग कम हो गई।

अक्षर पटेल फिसले, टॉप-10 में कोई



भारतीय गेंदबाज नहीं- टीम इंडिया का कोई भी गेंदबाज टॉप 10 में जगह नहीं बना पाया है। अक्षर पटेल एक स्थान फिसलकर 11वें नंबर पर आ गए हैं। अर्शदीप सिंह 15वें और जसप्रीत बुमराह 27वें स्थान पर हैं। अक्षर और अर्शदीप न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में खेल रहे हैं। बुमराह को इस सीरीज से आराम दिया गया है। अफगानिस्तान के राशिद खान नंबर-1 पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा दूसरे और इंग्लैंड के राशिद खान तीसरे स्थान पर हैं।

हार्दिक पंड्या भारत के टॉप ऑलराउंडर- चोट के कारण टीम से बाहर चल रहे हार्दिक पंड्या अब भी सबसे ऊंची रैंकिंग वाले भारतीय ऑलराउंडर बने हुए हैं। वे 184 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 13वें स्थान पर हैं। जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा नंबर-1 और पाकिस्तान के सईम अयूब नंबर-2 ऑलराउंडर हैं।

मार्को यानसन ने स्टार्क को पीछे छोड़ा- साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन पहली बार अपने करियर में टेस्ट क्रिकेट की दो कैटेगरी में नंबर-1 बन गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 85 रन बनाने के साथ 5 विकेट भी लिए। उनके प्रदर्शन की बदौलत साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर सीरीज में बराबरी की। यानसन गेंदबाजों की रैंकिंग में 5 स्थान ऊपर चढ़कर उन्होंने मिचेल स्टार्क को पीछे छोड़ा और नंबर-1 बन गए।

गोल्ड मेडलिस्ट पैरा एथलीट नीरज यादव की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

तीन बार के एशियन पैरा गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट नीरज यादव का मंगलवार रात दिल्ली में निधन हो गया। कोच का दावा है कि उनकी मौत जहर खाने से हुई है। नीरज डोपिंग के चलते 4 साल से प्रतिबंधित थे। 42 साल के नीरज यादव पैरा एथलेटिक्स की ऋ55 कैटेगरी में हिस्सा लेते थे। इसमें खिलाड़ी बैठकर थ्रो करने वाले इवेंट में हिस्सा लेते हैं। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, सोनीपत के एक अपार्टमेंट में घर पर बेहोश मिलने के बाद नीरज को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। नीरज के निधन की खबर मिलने के बाद पैरालिंपिक चैंपियन सुमित अंतिल और पैरा-एथलीट विपिन कसाना जीटीबी अस्पताल पहुंचे। उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

खबर एक नजर...

पुलिस ने लापता नाबालिग बालिका को सकुशल खोज निकाला

उज्जैन। ऑपरेशन मुस्कान के तहत उज्जैन पुलिस ने लापता नाबालिग बालिका को बड़नगर के पास से सकुशल खोज निकाला। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस टीम ने बालिका की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए। पुलिस की सक्रियता और तत्परता के चलते बालिका को सुरक्षित खोजने में सफलता मिली। नाबालिग बालिका के लापता होने की सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने बालिका की तलाश के लिए प्रयास तेज किए और लगातार खोजबीन की। इसके बाद बालिका को बड़नगर के पास से सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस द्वारा लापता बालक-बालिकाओं की तलाश कर उन्हें सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुंचाने के लिए कार्रवाई की जाती है। इसी अभियान के तहत उज्जैन पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिका को खोजने में सफलता हासिल की। उज्जैन पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी बालक या बालिका के लापता होने पर तत्काल नजदीकी पुलिस थाने को सूचना दें, ताकि समय रहते तलाश शुरू की जा सके। पुलिस ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

विवो कंपनी का मोबाइल भी जब्त, एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज

उज्जैन। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान राकेश पिता गोवर्धन हिलोरिया (42 वर्ष), निवासी ग्राम महुआ, थाना सीतामऊ, जिला मंदसौर, मध्यप्रदेश के रूप में हुई है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से 20 ग्राम एमडी ड्रग्स और एक विवो 29 5जी मोबाइल फोन जब्त किया।पुलिस ने जब्ती की कार्रवाई को ई-साक्ष्य ऐप के माध्यम से वीडियोग्राफी कराते हुए विधिवत सीलबंद किया। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी अशोक पाटीदार, उप निरीक्षक दिनेश भाट, सहायक उप निरीक्षक दिनेश सारोठिया, आरक्षक नरेंद्र पाटीदार, आरक्षक आनंद मिश्रा एवं आरक्षक जगदीश गेहलोत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उज्जैन पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशा समाज और युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। अवैध मादक पदार्थों के कारोबार या नशे से संबंधित गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें।

रेलवे स्टेशन पर दो बच्चों के साथ मिली महिला

उज्जैन। रेलवे स्टेशन पर दो बच्चों के साथ घूम रही महिला को जब जीआरपी ने रोक कर पूछताछ की और महिला के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह भोपाल की रहने वाली है और पिछले डेढ़ साल से घर से लापता थी जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी भोपाल थाने में दर्ज थी जीआरपी ने उसके परिजनों से संपर्क कर महिला को दोनों बच्चों के साथ भोपाल पुलिस को सौंप दिया है इसी तरह परिवार से नाराज होकर घर छोड़ने वाली उत्तर प्रदेश व बिहार की तीन लड़कियों को भी जीआरपी ने उनके बारे में भी जानकारी जुटाकर उनके परिजनों तक पहुंचाया है जीआरपी प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर दो बच्चों के साथ एक महिला घूम रही थी जब उसको रोककर उसके बारे में जानकारी जुटाई गई तो पता चला कि महिला भोपाल के शाहजहानाबाद निवासी पूजा उपाध्याय पति जितेंद्र उम्र 30 वर्ष है। जानकारी जुटाने पर पता चला की पूजा पिछले डेढ़ साल से घर छोड़कर आ गई थी जिसकी भोपाल के शाहजहानाबाद थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी परिजनों ने दर्ज कराई थी इसी तरह रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रही उत्तर प्रदेश बरेली की एक ओर बिहार की दो लड़कियों से पूछताछ की गई तो पता चला कि वह तीनों परिवार से नाराज होकर घर छोड़कर आ गई थी जीआरपी ने उनके परिजनों से संपर्क किया और परिजनों को बुलाकर लड़कियों को उन्हें सौंपा है।

गरोठ रोड पर 20 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ तस्कर पकड़ा

उज्जैन। चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने कार्मल कान्वेंट स्कूल के पास चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार युवक को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 20 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा उससे पुलिस पूछताछ कर रही है। चिमनगंज मंडी थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि गरोठ रोड पर कार्मल कान्वेंट स्कूल के पास मंगलवार रात पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया था इसी दौरान एक बाइक सवार को रोक कर पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 20 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। आरोपी को पकड़कर पुलिस थाने लेकर आई पुलिस की पूछताछ में आरोपी का नाम राकेश हिलोरिया निवासी ग्राम महुआ थाना सीतामऊ जिला मंदसौर पता चला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है तथा उससे पूछताछ की जा रही है। जप्त ड्रग्स की कीमत 2 लाख रुपए बताई जा रही है।

दिन	178-6	130-4
मेन बाजार	266-4	456-5
मिलन डे	458-7	440-8
मिलन नाइट	118-0	899-6

1 4 0

उज्जैन पुलिस और उच्च शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल ह्यजन सुरक्षा युवा सृजन संवादह्न के तहत 10 विषयों पर जागरूकता सत्र आयोजित

साइबर सुरक्षा से लेकर महिला संरक्षण तक, विद्यार्थियों को दी कानून की जानकारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन पुलिस एवं उच्च शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए पुलिस सामुदायिक भवन, डीआरपी लाइन, देवास रोड पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कानून, सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा और एएसपी मनस्वी शर्मा (आईपीएस) ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को



कानून के प्रति जागरूक करना, अपराधों की रोकथाम में उनकी भागीदारी बढ़ाना और पुलिस की कार्यप्रणाली से परिचित कराना था।

10 विषयों पर हुए जागरूकता सत्र- कार्यशाला में संविधान एवं नागरिक अधिकार, आपराधिक न्याय व्यवस्था, मानवाधिकार, महिला एवं बाल संरक्षण, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, हिंसा की रोकथाम, आपदा प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य सहित 10 विषयों पर सत्र आयोजित किए गए।

राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आशा सिद्दीकी ने संविधान एवं नागरिक कर्तव्यों की जानकारी दी। निरीक्षक राकेश भारती ने आपराधिक न्याय व्यवस्था, जबकि निरीक्षक ज्योति दिखित ने महिला एवं बाल सुरक्षा तथा मानवाधिकारों के बारे में बताया। साइबर सुरक्षा सत्र में एएसपी मनस्वी शर्मा ने ऑनलाइन धोखाधड़ी, संदिग्ध लिंक और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जागरूक किया। सूबेदार सुभाष सतपाड़िया ने यातायात नियमों, नशे के दुष्प्रभावों और हिंसा की रोकथाम की जानकारी दी। डॉ. आयुषी सूर्यवंशी ने मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन और कठिन परिस्थितियों में सहायता लेने के महत्व को समझाया।

पुलिस थानों की कार्यप्रणाली से भी कराया परिचित

कार्यशाला के बाद विद्यार्थियों को पुलिस थानों का भ्रमण कराया गया। यहां उन्हें शिकायत दर्ज कराने, पुलिस की दैनिक कार्यप्रणाली और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया बताई गई। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना बीरेंद्र सिंह, पुलिस एवं महाविद्यालय के अधिकारी, प्राध्यापक और विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे। आयोजन में डॉ. मोहित पांचाल सहित अन्य प्रतिनिधियों ने सहयोग किया।

देवास एसपी गेहलोद ने खुद की आहुति देकर उठा दिया पर्दाह्नएक विश्लेषण

प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग ढांपने में लगा रहा!

कभी कलेक्टर रहकर और अब मुख्य सचिव के पद से किया क्लीनिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देवास

देवास में जहरीली शराब से हुई मौतों का मामला उलझ रहा था। ऐसे में मानवीय संवेदनाओं से भरे हुए एसपी पुनीत गेहलोद ने खुद की आहुति देकर इस पूरे मामले से पर्दा उठाने में देर नहीं की। उन्होंने गलतियों को दोहराने की बजाय सही किया । इसकी अपेक्षा प्रशासनिक स्तर पर एक के बाद एक झूठ से मामला बराबर उलझ रहा था। यहां तक की प्रशासनिक दबाव में चिकित्सा विभाग पोस्टमार्टम की प्रारंभिक स्थिति और संभावनाओ को भी छुपाने में लग गया था। पर्दा उठते ही कालांतर में कलेक्टर रहकर और अब मुख्य सचिव के पद से एक बार फिर से अशोक वर्णवाल ने क्लीनिंग किया है। इस पूरे मुद्दे पर प्रशासनिक एवं पुलिस क्षेत्र के विश्लेषकों का घटनाक्रम पर पूरा विश्लेषण।

देवास जिला मुख्यालय से चंद किलोमीटर दूर चंदाना ग्राम पंचायत के ग्राम चंदाना एवं बिंजाना में अक्टूबर माह के प्रारंभिक सप्ताह से होने वाली जवान मौते शंका की स्थिति में हैं। इनमें से कुछ की आंखों की रोशनी प्रभावित हुई हैं तो कुछ अन्य तरीके से । 15 एवं 18 अक्टूबर को दो जवान मौतों के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए पोस्टमार्टम करवाया था। परिजनों ने शराब पर इसमें शंका जताई थी। इसके बाद भी प्रशासनिक एवं आबकारी अधिकारी इस बात को सिरे से नकारते रहे और मामला तूल पकडता गया। इसी के चलते मामला इतना बढ गया अन्यथा प्रारंभिक सूचना पर ही इसे मान लिया जाता तो अन्य लोगो को भी प्रभावित होने से रोका जा सकता था। प्रशासनिक एवं पुलिस क्षेत्र के विश्लेषक एवं सूत्रों का कहना है कि ऐसे मामलों में अमूमन शार्ट पीएम रिपोर्ट एवं संभावनाओं से चिकित्सक अवगत करवा देते हैं लेकिन इस मामले में बिसरा जांच के लिए दे दिया गया था। इस बीच प्रशासनिक स्तर पर पूरे मामले को दबाने के लिए कवायद शुरू हो जाती है। प्रशासनिक अधिकारी पूरे मामले का झूठलाने के लिए पूरे तंत्र का उपयोग करते हैं। यहां तक की मामले को भ्रामक,असत्य एवं अफवाह करार दिया जाता है और मौतों को प्राकृतिक बताया जाता है।

प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग संदिग्ध भूमिका में

चंदाना एवं बिंजाना में हुई मौतों के मामले में प्रशासनिक स्तर पर सिरे से ही इसे भ्रामक करार दे दिया गया था। चिकित्सा विभाग के जिम्मेदार पोस्टमार्टम की शार्ट पीएम रिपोर्ट एवं संभावनाओं को भी छुपाते रहे। मामले को भ्रामक करार देने के लिए प्रशासन के पक्ष में जनसंपर्क विभाग ने बगैर पडताल के ही मौतों पर दावा और सच का बगैर आधार समाचार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से बनाया और इस पर प्रदर्शन को बहुप्रसारित कर आपराधियों को सिरे से ही संरक्षण देने जैसा काम किया। आबकारी विभाग पूरे मामले में मात्र दर्शक बन कर हालातों के आधार पर ठेकेदारों के बीच बैठे विभिषणों को भी पहचानने की बजाय प्रशासनिक स्तर के झूठ को वायरल करने में लगा रहा।

गेहलोद की इच्छा शक्ति से उठा पर्दा

विश्लेषक सूत्रों का कहना है कि चंदाना एवं बिंजाना में जहरीली शराब के मामले को लेकर पुलिस का बड़ा फेलिवर असूचना संकलन का इसमें रहा। इसके बावजूद एसपी पुनीत गेहलोद ने दोनों मर्ग मामले में आंशिक स्तर पर सामने आई सच्चाई को भी तत्काल ही परख लिया। उन्होंने अपनी पुलिस को तत्काल ही पूरे मामले से पर्दा उठाने के लिए निर्देश दिए। इसी के चलते रविवार रात को 10 अवैध शराब विक्रेता तत्काल उठाए गए। प्रारंभिक स्तर पर हुई गलती को ढकने की बजाय पुलिस ने पूरे मामले से पर्दा उठाया। ये बात अलग है कि इसमें मानवीय संवेदनाओं से भरपूर एवं उजार्वान अधिकारी पुनीत गेहलोद को अपने पद की आहुति देना पड़ी।

कभी कलेक्टर और अब सीएस रहते क्लीनिंग-

चंदाना मामले की उलझन से संभाग से पहुंची जानकारी के बाद मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल पूरी तरह अपने स्तर पर जानकारी ले रहे थे। संभागायुक्त आशीषसिंह भी देवास कलेक्टर रह चुके हैं और मुख्य सचिव ढाई दशक पूर्व देवास कलेक्टर रहे हैं। दोनों के ही व्यक्तिगत परिचय चंदाना ही नहीं देवास के हर क्षेत्र में आज भी हैं। मुख्य सचिव श्री वर्णवाल कालांतर में करीब 25 वर्ष पूर्व देवास कलेक्टर रहे तब भी उन्होंने एक बड़े मसले पर क्लीनिंग की थी। बड़ा आंदोलन खडा किया गया था। उस दौरान उन्हें जिले के अंचल में कानून व्यवस्था कायम करने एसपी के साथ जाते समय असूचना के आधार पर मार्ग बदलना पड़ा था। श्री वर्णवाल के कारण ही पश्चिमी मध्यप्रदेश के इस क्षेत्र में शांति है अन्यथा यह क्षेत्र भी नक्सलवाद प्रभावित में माना जाता। कभी नक्सलवाद की जडों को फैलाने के लिए बैतुल से सीधे निमाड और गुजरात को जोडने की कवायद का अंत उन्होंने ही किया था। एक बार फिर से देवास में फैल रहे जहर की नीव पर उन्होंने एक बार फिर से क्लीनिंग किया है। देवास जिला श्री वर्णवाल का पसंदीदा रहा है।

पौधे सुखाने में बन रहा रिकार्ड राजीव गांधी उपवन में सूख रहे पौधे



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम ने इस वर्ष में 15 लाख पौधे सिंहस्थ क्षेत्र एवं शहर में लगाने का लक्ष्य तय किया था। इस रेकार्ड तोड पौधारोपण का रेकार्ड बनना शेष है लेकिन उससे पहले पौधे सुखाने का रेकार्ड कायम किया जा रहा है। राजीव गांधी उपवन में सूख रहे पौधे तो यही कह रहे हैं। लाखों पौधों को लगाने के लिए बराबर पौधों की आवक भी नगर निगम में हो रही है।

पर्यावरण सुधार की दिशा में नगर निगम ने पहल करते हुए 15 लाख पौधों को रोपने के लिए लक्ष्य लिया था। इसके लिए कई बैठकें आयोजित हुई और उनके साथ ही सामाजिक संस्थाओं,शासकीय विभागों,शैक्षणिक संस्थाओं से पौधारोपण करवाया गया है। सिंहस्थ पूर्व धरा को हरा भरा करने का दावा किया गया है। लेकिन पौधों की आवक एवं उनके रोपण की स्थिति में काफी अंतर सामने आ रहा है उसकी वजह यह है कि रोपण के लिए पौधे लेकर उन्हें लगाया नहीं जा रहा है।

सूख रहे पौधे देखने वाला नहीं- ईस्कान मंदिर के पीछे राजीव गांधी उपवन है। काफी बेहतर उद्यान है। इसमें पिछले एक माह से सैंकडों पौधे लाकर रखे गए हैं लेकिन इनका रोपण नहीं किया जा रहा है। पानी एवं रोपण के अभाव में ये पौधे अब सूख चुके हैं। रोपण के लिए बडे पैमाने पर पौधों का क्रय किया गया है। इसके बाद भी इस तरह से पौधों को सुखाने की स्थिति बयां कर रही है कि आमजन के धन का दुरूपयोग हो रहा है। इसी प्रकार की स्थिति अन्य कुछ स्थानों पर भी देखी जा रही है।

तीन निरीक्षकों को लाइन से थाना प्रभारी बनाया, 4 के थाना बदले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बुधवार को कार्य व्यवस्था की दृष्टि से रक्षित केंद्र से तीन निरीक्षकों को थाना प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इनके साथ ही एक कार्यवाहक निरीक्षक के थाना क्षेत्र में बदलाव किया गया है और एक को रक्षित केंद्र उज्जैन से थाना प्रभारी बनाया गया है।तीन उप निरीक्षकों को भी थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

जारी आदेश में कार्यवाहक निरीक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह परिहार थाना प्रभारी देवासगेट से बडनगर भेजा गया है। उनके स्थान पर कार्यवाहक निरीक्षक ज्योति दीखित को रक्षित केंद्र से भेजा गया है। निरीक्षक प्रज्ञा शर्मा को लाईन से थाना कायथा, आनंद भाभौर को थाना महिदपुर रोड,राकेश भारती को थाना नागझिरी का प्रभारी बनाया गया है। उपनिरीक्षक जयंत डामौर को पानबिहार चौकी प्रभारी से थाना प्रभारी नरवर,प्रवेश जाटव को थाना घट्टिया से चौकी प्रभारी पानबिहार, उपनिरीक्षक रविन्द्र कटारा को थाना तराना से थाना प्रभारी माकडौन बनाया गया है।

महाकाल मंदिर के बाहर महिला श्रद्धालु हुई फूल प्रसाद विक्रेताओं की अभद्रता का शिकार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर के गेट नंबर एक बाहर फूल प्रसाद वाले ने एक महिला श्रद्धालु के साथ अभद्रता की। जिसकी शिकायत महिला ने महाकाल थाने में की है साथ ही सबूत के तौर पर महिला ने घटना का एक वीडियो भी पुलिस को उपलब्ध कराया है फरियादी पुष्पा सोनी के अनुसार वह बुधवार सुबह महाकाल मंदिर के गेट नंबर एक के सामने से निकल रही थी इसी दौरान फूल प्रसाद की दुकान लगाने वाले एक शख्स ने उसके साथ अभद्रता की ओर जब महिला ने इसका विरोध किया तो वह महिला से गाली गलौज करते हुए धमकी देने पर उतारू हो गया। महिला ने इसकी शिकायत महाकाल थाने में की है तथा महिला ने पुलिस को एक वीडियो भी सौंपा है जिसमें पूरी घटना कैद है महिला की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है श्रद्धालु पुष्पा सोनी का कहना है कि मंदिर के आसपास फूल प्रसाद की दुकान पर काम करने वाले कुछ लोग रास्ते में खड़े होकर फूल प्रसाद खरीदने के लिए जबरदस्ती पीछे पड़ जाते हैं इससे महिलाओं को आने-जाने में कभी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

उज्जैन में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 16 प्रकरण दर्ज.. 15 आरोपी गिरफ्तार

25.2 बल्क लीटर मदिरा, 30 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त, महिला आरोपी को भेजा जेल

खाचरौद से महिदपुर तक चली कार्रवाई, होटल-ढाबों की जांच के साथ 79 वाहनों को भी रोककर किया चेक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई की। विभाग की टीमों ने कुल 16 प्रकरण दर्ज कर 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान 25.2 बल्क लीटर मदिरा और 30 लीटर हाथ भट्टी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 14,340 रुपये बताई गई है। एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और आबकारी उप आयुक्त हर्षवर्धन राय के आदेश पर सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन के निर्देशन तथा कंट्रोलर मुकेश रंधा के नेतृत्व में अलग-अलग आबकारी टीमों ने यह कार्रवाई की। विभाग ने मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 के तहत 16 प्रकरण दर्ज किए। इनमें धारा 34(1) के तहत 13, धारा 36 के तहत दो और धारा 49(क)(1) के तहत एक प्रकरण शामिल है।

खाचरौद में चार प्रकरण दर्ज- खाचरौद क्षेत्र में आबकारी दल ने चार प्रकरण दर्ज किए। ग्राम बिलवानिया में नरबदा पति बाबू



चंद्रवंशी से 12 पाव प्लेन मदिरा, ग्राम नरसिंहगढ़ में सोहन पिता गेंदालाल से 15 पाव देसी मसाला मदिरा, खेड़ावदा में अजय पिता गोवर्धन से 14 पाव देसी मदिरा और ग्राम लुहारी में कैलाश पिता गिरधारी से 12 पाव देसी मदिरा जब्त की गई। इसके अलावा ग्राम बटलावदी और लुसडावन में 10 स्थानों पर तलाशी ली गई।

कचनारिया, मुंजाखेड़ी और गावड़ी में कार्रवाई- आंतरिक उज्जैन की टीम ने ग्राम कचनारिया, मुंजाखेड़ी और गावड़ी में कार्रवाई करते हुए धारा 34(1) के तहत चार प्रकरण दर्ज किए। इस दौरान 48 पाव देसी मदिरा और चार पाव मसाला मदिरा जब्त की गई।

तराना में 30 लीटर हाथ भट्टी शराब बरामद- तराना वृत्त की टीम ने आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) और 49(क) के तहत कार्रवाई की। इस दौरान महिला आरोपी राधाबाई पति मुकेश गोरसिया से 30 लीटर हाथ भट्टी शराब बरामद की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

बड़नगर में पांच प्रकरण दर्ज- बड़नगर वृत्त में आबकारी दल ने कुल पांच प्रकरण दर्ज किए। बड़नगर 'अ' क्षेत्र में खरसोदखुर्द से श्यामू बाई पति मनोहर सिंह के पास से हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। वहीं, लक्की दा ढाबा से धर्मेंद्र सिंह पिता नागु सिंह के पास से तीन पाव प्लेन देसी मदिरा और शंभूलाल पिता रामलाल से 150 मिलीलीटर प्लेन देसी मदिरा जब्त की गई। बड़नगर 'ब' क्षेत्र में रणवा, इंगोरिया से अशोक पिता धन्नालाल के पास से 10 पाव और धर्मेंद्र पिता शंभूलाल के पास से 11 पाव प्लेन देसी मदिरा जब्त की गई।

महिदपुर में भी कार्रवाई- महिदपुर वृत्त की टीम ने धारा 34(1)(क) के तहत एक प्रकरण दर्ज किया। इस दौरान रवि पिता ईश्वरलाल से 11 पाव देसी मदिरा जब्त की गई।

होटल-ढाबों की जांच, 79 वाहन चेक किए- आबकारी विभाग की टीमों ने देर रात तक होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट की जांच की। इस दौरान 79 वाहनों को रोककर चेक किया गया। इसके अलावा ढाबों पर खड़े ट्रकों की भी आकस्मिक जांच की गई, ताकि अवैध शराब के परिवहन और बिक्री पर अंकुश लगाया जा सके।

अवैध शराब की सूचना देने की अपील- सहायक आबकारी आयुक्त निधि जैन ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, परिवहन और संग्रहण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए मुखबिर तंत्र को भी अधिक सक्रिय किया गया है। उन्होंने आमजन से अपील की कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, परिवहन या भंडारण से संबंधित जानकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 0734-2551159 अथवा मोबाइल नंबर 9183475858 पर दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com